संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....

25 जनवरी 2025, शनिवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 117
Email-santalexpress20@gmail.com

अमूल दूध 1 रुपए सस्ता

नई दिल्ली । देशभर में अमूल दूध एक रुपए सस्ता हो गया है। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जयेन मेहता ने कहा है कि अमूल गोल्ड, अमूल शक्ति और अमूल फ्रेश की कीमतें घटाई गई हैं। नई कीमतें आज यानी 24 जनवरी से ही लागू कर दी गई हैं। पिछले साल लोकसभा चुनाव नतीजे 4 जून को आए थे। इससे 3 दिन पहले ही अमूल दूध की कीमत में बढ़ोतरी की गई थी, जिसमें अमूल गोल्ड दूध में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। वहीं अमूल शक्ति और टी स्पेशल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की गई थी।

एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी महाकुंभ में महामंडलेश्वर बनीं

संगम तट पर पिंडदान किया, अब ममता नंदगिरि कहलाएंगी, किन्नर अखाड़े ने पदवी दी

एजेंसी

प्रयागराज । बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर बन गई हैं। उन्होंने शुक्रवार को प्रयागराज में संगम तट पर पिंडदान किया। अब वह ममता नंद गिरि कहलाएंगी। उनका सिर्फ पट्टाभिषेक रह गया है।

ममता शुक्रवार सुबह ही महाकुंभ में किन्नर अखाड़ा पहुंची थीं। उन्होंने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक महामंडलेश्वर बनने को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद किन्नर अखाड़ा ने उन्हें महामंडलेश्वर की पदवी देने का ऐलान किया। इसके बाद महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ममता को लेकर अखिल भारतीय अखाड़े के अध्यक्ष रविंद्र पुरी के पास पहुंचीं। ममता और पुरी के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। इस दौरान किन्नर अखाड़े के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। फिर उनके महामंडलेश्वर बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई। किन्नर अखाड़े ने ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने को लेकर पूरी गोपनीयता बरती है।

महाकुंभ में आए 129 साल के बाबा शिवानंद ने बताए लंबी आयु के टिप्स

प्रयागराज । महाकुंभ 2025 में पद्मश्री से सम्मानित शिवानंद बाबा पहुंचे हैं। इनकी उम्र है 129 साल। इनकी फिटनेस और दिनचर्या देख सभी दंग रह गए। एक साक्षात्कार में उन्होंने अपने बारे में बताया। वहीं, बाबा शिवानंद की शिष्या डॉक्टर शर्मिला ने उनसे जुड़ीं कई जानकारियां साझा कीं। बाबा ने बताया कि लोग आखिर इतनी कम उम्र में मौत का शिकार होते जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने लंबी उम्र के लिए टिप्स भी बताए।

पद्मश्री स्वामी शिवानंद बाबा ने कहा कि आज लोग बहुत खराब जिंदगी जी रहे हैं। लोग सही ढंग से दिनचर्या का पालन नहीं करते हैं। इसके अलावा लोगों का खानपान भी दूषित हो गया है। उन्होंने कहा कि लोगों को सुबह जल्दी उठना चाहिए। इसके बाद गर्म पानी पीना चाहिए। नित्यकर्म आदि से निवृत्त होकर योग करना चाहिए। शिवानंद बाबा ने बताया कि इसके अलावा लोग हर छोटी-छोटी समस्या के लिए दवाएं खाते हैं। इससे बचना चाहिए। एलोपैथिक दवाएं, एंटीबायोटिक्स हमारे शरीर को लंबे समय के लिए कमजोर बना देती हैं। इसके अलावा लोगों को फास्टफूड से बचना चाहिए। भूख से ज्यादा खाना खाकर भी लोग बीमारी हो रहे हैं।

बता दें बाबा शिवानंद का जन्म आठ अगस्त, 1896 में बांग्लादेश के श्रीहट्ट जिले के हरिहरपुर गांव में हुआ था। उनका परिवार भिक्षा मांगकर जीवन यापन करता था। बहुत कम उम्र में ही बाबा शिवानंद को उनके माता-पिता ने नवद्वीप निवासी एक वैष्णव संत स्वामी ओंकारानंद गोस्वामी को सौंप दिया था। यहां पर शिवानंद बाबा का मानसिक और आध्यात्मिक विकास हुआ। कुछ वक्त अपने गुरु की आज्ञा से शिवानंद बाबा अपने माता-पिता से मिलने पहुंचे।

निकाय चुनाव : हाईकोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को दिया दो सप्ताह का समय

संवाददाता

रांची । झारखंड में निकाय चुनाव मामले में निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की ओर से दायर याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को दो सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई की अगली तिथि सात फरवरी निर्धारित की है। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई।

कोर्ट ने पिछली सुनवाई में भारत निर्वाचन आयोग से पूछा था कि वह राज्य निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची कब देंगे। सुनवाई के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही कहा गया कि यह लेटेस्ट वोटर लिस्ट नहीं है। इस पर कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को शपथपत्र दाखिल कर यह बताने को कहा कि निकाय चुनाव के लिए यही वोटर लिस्ट का उपयोग किया जा सकता है।

पिछली सुनवाई में मुख्य सचिव और नगर विकास सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए थे। कोर्ट ने राज्य सरकार को नगर निकाय चुनाव करने के लिए चार महीने का समय दिया। कोर्ट ने तीन सप्ताह में चुनाव कराने के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर सवाल उठाए थे। इस पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि पिछड़ी वर्गों को आरक्षण देने की पात्रता निर्धारण को लेकर जिला स्तर पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। कुछ ही जिलों में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया बाकी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग से वोटर लिस्ट भी अबतक नहीं मिल पाया है। इससे कुछ देरी हो रही है।

सभी कॉपरेटिव बैंक सामान्य बैंकों की सेवाओं से होंगे युक्त : अमित शाह

एजेंसी

नई दिल्ली । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया। श्री अमित शाह ने राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के कॉर्पोरेट कार्यालय का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर सहकारिता राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे और श्री अजित पवार और सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं

सहकारिता मंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने भारत में सहकारिता वर्ष मनाने के लिए 12 माह का एक कार्यक्रम तय किया है, जिसका आज उद्घाटन हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में सहकारिता वर्ष इस तरह से मनाया जायेगा जिससे देशभर में सहकारिता अनेक कदम आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान सहकारिता के विस्तार, इस क्षेत्र में शुचिता लाने, सहकारी संस्थाओं को समृद्ध बनाने, कई नए क्षेत्रों में सहकारिता की पहुंच बढ़ाने और भारत के हर व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार से सहकारिता से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ने के प्रयास किए जाएंगे। श्री शाह ने कहा कि 31 दिसंबर 2025 को जब सहकारिता वर्ष समाप्त होगा, तब तक हमारी सहकारिता का विकास सिमेट्रिक और समावेशी होगा और हम सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को काफी हद तक प्राप्त कर चुके होंगे।

सेना की हथियार फैक्ट्री में धमाका, 8 मौतें

भंडारा । महाराष्ट्र के भंडारा में सेना की हथियार फैक्ट्री में शुक्रवार धमाका हुआ। हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है, 7 गंभीर घायल हैं। भंडारा कलेक्टर संजय कोलते ने बताया कि धमाके से फैक्ट्री की छत गिर गई, जिसमें 13 से 14 लोगों के फंसे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। धमाके के बाद लोहे और पत्थर के टुकड़े दूर-दूर बिखरे हुए दिखाई दिए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्ट्री के एलटीपी सेक्शन में हुआ। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने भी हादसे में गिरी छत के नीचे 13-14 लोगों के फंसे होने की जानकारी दी।

उपयोगिता प्रमाण पत्र जल्द से जल्द केंद्र सरकार को सुपुर्द करें : मुख्य सचिव

संवाददाता

रांची । पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जाने वाली विशेष सहायता योजना के तहत झारखंड को मिली राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को ससमय देने का निर्देश अलका तिवारी ने सभी संबंधित विभागों के सचिवों को दिया है। मुख्य सचिव शुक्रवार को स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (एसएएससीआई) को लेकर संबंधित विभागों के सचिवों के साथ समीक्षा कर रही थीं।

समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव को बताया गया कि वित्तीय वर्ष, 2023-24 में झारखंड को केंद्र सरकार द्वारा 5255.14 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसमें से अभी तक 4580.62 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य द्वारा 4302 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केंद्र सरकार को समर्पित किया गया है, जिसके विरुद्ध 2763 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है। वहीं प्रस्ताव के तहत 1233 करोड़ रुपये की राशि झारखंड को मिल भी चुकी है।

बताया गया कि इसके अतिरिक्त भी राज्य लगभग 1250 करोड़ रुपये का दावा एसएएससीआई के विभिन्न हिस्सों के लिए कर सकता है।

बताया गया कि अगर केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य हुआ, तो एसएएससीआई के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4600 करोड़ रुपये की अधिप्राप्ति केंद्र सरकार से संभावित है।

झारखंड के 58 हजार पारा शिक्षकों को झटका, अटक गया बढ़ा हुआ मानदेय

संवाददाता

रांची। झारखंड के 58 हजार पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) की 1000 रुपये मानदेय बढ़ोतरी अटक गई है। यह मानदेय बढ़ोतरी वर्तमान वित्तीय वर्ष में मिलता नजर नहीं आ रहा है। न तो शिक्षा विभाग की ओर से इस पर पहल हो रही है और न ही पारा शिक्षक संगठन जोर लगा रहे हैं। पारा शिक्षकों को सितंबर महीने से ही मानदेय बढ़ोतरी का लाभ मिलना था, लेकिन पांच महीने बीतने के बाद भी 1000 रुपये बढ़ोतरी नहीं हो सकी है। ऐसे में पांच महीने का एरियर मिलने की फिलहाल संभावना कम नजह आ रही है, लेकिन बजट से पारा शिक्षकों को उम्मीद है।स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के तत्कालीन मंत्री बैद्यनाथ राम और पारा शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच अगस्त 2024 के अंतिम सप्ताह में पारा शिक्षकों के मानदेय में 1000 की बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया था। इसके साथ-साथ पारा शिक्षकों को ईपीएफ का लाभ दिये जाने पर सहमति बनी थी। ईपीएफ के लिए पारा शिक्षकों के मानदेय से राशि की कटौती नवंबर महीने के मानदेय से ही शुरू हो गयी है। राज्य सरकार भी अपना अंशदान दे रही है, लेकिन अब तक मानदेय बढ़ोतरी की राशि नहीं दी जा रही है।हर महीने करीब छह करोड़ का बढ़ेगा भार पारा शिक्षकों के मानदेय में 1000 बढ़ोतरी होने से सरकार पर हर महीने 5.80 करोड़ रुपये का भार आएगा। अगर सरकार सितंबर से एरियर का भी भुगतान करती है तो दिसंबर 2024 तक के 23.20 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। जनवरी माह भी खत्म होने को है। ऐसे में पांच महीने का एरियर भी बकाया हो जाएगा। अधिकारियों की मानें तो वर्तमान वित्तीय वर्ष में यह संभव होता नहीं दिख रहा है। अब देखना होगा कि सरकार बजट में क्या प्रावधान करने जा रही है। बजट से पारा शिक्षकों को उम्मीद है।

झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना होगा : राज्यपाल

संवाददाता

रांची । राज्यपाल-सह- झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना होगा। राज्यपाल शुक्रवार को झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों, कामकाजी वर्ग, गृहणियों और शिक्षा से वंचित अन्य लोगों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है कि हमारे विद्यार्थी न केवल शिक्षा प्राप्त करें,

बल्कि कार्यक्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत÷ और ÷विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में विश्वविद्यालय की अहम भूमिका है। राज्यपाल ने सभी छात्रों और शिक्षकों से समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को और अधिक सशक्त बनाए और आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग कर शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाए। यह विश्वविद्यालय कड़ी मेहनत और समर्पण से अन्य राज्य के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। राज्यपाल ने सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मियों को शुभकामनाएं दीं और झारखंड के कोने-कोने में शिक्षा के प्रकाश को फैलाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

वक्फ संशोधन पर जेपीसी बैठक में हंगामा, बुलाए मार्शल, विपक्षी सदस्य सस्पेंड

संवाददाता

नई दिल्ली । वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर संसदीय समिति की शुक्रवार को अहम बैठक हुई। बैठक हंगामेदार रही। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए समय नहीं दिया जा रहा है। वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर जेपीसी बैठक में जोरदार हंगामे को देखते हुए मार्शल बुलाए गए। बवाल इतना हुआ कि विपक्ष के सभी

सांसदों को सस्पेंड कर दिया है।

दरअसल, वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति कश्मीर के धार्मिक प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी। मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों ने आपस में चर्चा की। विपक्षी नेताओं द्वारा बीजेपी पर दिल्ली चुनावों को ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को जल्द स्वीकार करने का दबाव बनाने के दावे के साथ तूफानी हो गई। बैठक के दौरान तीखी नोकझोंक हुई उसके बाद कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी। मीरवाइज के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने दोबारा बैठक शुरू होने के बाद समिति के सामने पेश किया।

धोनी दो गातेकोड़वाक् नावाँ कार रेय एमावादा ऑटोग्राफ

खोबोरिया

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम रेन पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी दोआयाक् जुदा गे अंदाज लागित्ए बाडायोक् काना। धोनी दो आच् रेन गातेको साँवते हों आयमा धाव सोमोय बिताउ तुलुच्ए ञेलोक् काना।धोनी दो नितोक् आच् गातेयाक् नावाँ कार रे आयाक् ऑटोग्राफए एम केदा। धोनी रेन गाते कुणाल षांड़ंगी नावाँ महिंद्रा थार किरिञकाते धोनीयाक् फार्म हाउस सेटेरेना। धोनी दो उनीयाक् नावाँ कारेयाक् सीट रे ऑटोग्राफ एमकाते उनीयाक् कुसी आरहोंय बाढावकेदा। धोनी रेन गाते दो फोटो होंय कोल

हाटिञ आकादा। धोनीयाक् नोआ अंदाज ते महिंद्रा समूह रेन प्रमुख आनंद महिंद्रा होंतियाक् मेनाया। उनी दो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेय ओल केदा,मित्टेन कार आसोल उनीय कैनवास ए काना, नोआ रे दुनिया दाड़ँनआर जियोन सेन्दराय रेयाक् आयाक् आकांक्षाकोय चित्रितएत् कानाआर नोआ थार रॉक्स उनी श सआक् हस्ताक्षर ते साजाव एना, ओका आर्ट ऑफ लिविंग रे निपुण मेनाक्आ। धोनी नोआ लाहा हों आयमा धावआच् रेन फैंसको आर सोर गातेकोवाक् गाडी रे ऑटोग्राफए एमावाको काना। मित् धाव उनी दो बीएमडब्ल्यू 740 आई सीरीज रे आच् रेन फैनाक् मेन रेय सुहीयात् ताहेंना। नुनाक् गे बाड़, मित् एटाक् लेकान ओपसोर रे उनी दो मित् बाइक रे ऑटोग्राफ एमोक् लाहा उनी आयाक् टी शर्ट तेय साफा केदा आरे सुहीयात् ताहेंना।

चार्लोट एंगलबर्ट ने बंगाल टाइगर्स पर 4-2 से जीत के साथ जेएसडब्लू सोरमा हॉकी क्लब को फाइनल में पहुंचाया

संवाददाता

रांची । महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के आखिरी पूल चरण के मैच में आज रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में जेएसडब्लू सोरमा हॉकी क्लब ने श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को 4-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ, जेएसडब्लू सोरमा हॉकी क्लब ने 26 जनवरी को ओडिशा

वारियर्स के खिलाफ़ फ़ाइनल मुक़ाबले के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है।

चार्लोट एंगलबर्ट (1', 17', 47') ने शानदार हैट्रिक बनाते हुए खेल पर अपना दबदबा बनाया जबकि हिना बानो (9') ने सोरमा के लिए गोल किया। कप्तान वंदना कटारिया (48%) और शिल्पी डबास (58%) ने आखिरी क्वार्टर में गोल किया, लेकिन वे खेल का नतीजा नहीं बदल पाईं। चार्लोट एंगलबर्ट ने खेल शुरू होते ही टाइगर्स को चौंका दिया, जब उन्होंने सर्कल के ऊपर से टाइगर्स से एक लूज पास लिया और गोलकीपर ग्रेस ओ हैनलॉन को छकाते हुए गोल किया। खेल में शुरुआती बढ़त हासिल करने के बाद, सूरमा ने अगले कुछ मिनटों में पिच पर दबाव बनाए रखा।

पलामू के सर्वांगीण विकास के लिए सभी का सामूहिक प्रयास जरूरी : वित्त मंत्री

पलामू । राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि किसी भी राज्य या जिले के विकास के लिए यह आवश्यक है कि वहां की शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो और यह तभी संभव है जब आपके क्षेत्र में संचालित प्राथमिक पाठशाला सुचारू रूप से बच्चों को शिक्षित करने का कार्य करें, क्योंकि प्राथमिक पाठशाला से ही शिक्षा की नींव पड़ती है। उन्होंने कहा कि इस नींव को मजबूत करने में आप सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका है। वे शुक्रवार को जिले सतबरवा के मलय डैम में आयोजित जिला स्तरीय पंचायत सशक्तिकरण कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से नियमित रूप से विद्यालय में बच्चों को दी जा रही शिक्षा और मिडडे मिल का निरीक्षण करने की बात कही। अबुआ आवास का लाभ आवास सूची के सीरियल नंबर के अनुरूप ही मिले, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अगर किसी क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई समस्या या शिकायत हो तो मेरा मोबाइल नंबर 9431135292 पर व्हाट्सएप करें, मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि आप सभी ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि हैं। हमारा देश गांवों का देश है ऐसे में जब हमारे गांव-टोले विकसित होंगे तब स्वतः ही हमारा देश विकसित होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सभी एएनएम को प्रशिक्षण देने की योजना पर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं उनके आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि पलामू के सर्वांगीण विकास के लिये सभी जनप्रतिनिधियों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

डोभा में फर्जी तरीके से बना 17 लाख का तालाब

पलामू । जिले के मनातू: प्रखंड की बंशी खुर्द पंचायत के सिलदिलीया खुर्द में भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। यहां 17 लाख रुपये से अधिक की लागत से डोभा में ही बड़ा तालाब का निर्माण कर दिया गया। यह काम भूमि संरक्षण विभाग के माध्यम से किया गया है। पांकी के विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने इसे खुला घोटाला करार दिया है। विधायक ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया है कि सिलदिलीया खुर्द के मास्टर सिंह के खेत में मनरेगा के तहत पहले से डोभा बना हुआ था। मास्टर सिंह और कुछ बिचौलियों ने विभागीय मिलीभगत से डोभा को बड़ा तालाब बना डाला। भूमि संरक्षण विभाग से 200 गुने 200 आकार वाले बड़ा तालाब का नया निर्माण नहीं होता है। तालाब का जीर्णोद्धार किया जाता है, लेकिन यहां विभागीय मिलीभगत से नियम को दरकिनार कर डोभा में ही तालाब का निर्माण किया गया, जो कई सवालों को खड़ा करता है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि डोभा का निर्माण पहले मनरेगा योजना के तहत किया गया था और वह अभी भी उपयोग में है। ऐसे में उसी डोभा में तालाब बनाने का आदेश किसने दिया?

टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

रांची । रांची पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर को गिरफ्तार किया है। इस दौरान उसके एक सहयोगी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले दिनों 7 और 8 जनवरी की मध्य रात्रि को रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित एक क्रशर में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का एरिया कमांडर के द्वारा आग लगा दिया गया था और धमकी भरा पत्र छोड़ा गया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एरिया कमांडर संजीत दास और उसके तकनीकी सहयोगी मणि कुमार को गिरफ्तार किया है। घटना स्थल से एक पिस्टल,गोली, लैपटॉप और मोबाइल बरामद किया गया है।

मंईयां सम्मान योजना के 1224 आवेदन लंबित

रांची । इटकी प्रखंड में मंईयां सम्मान योजना के 1224 आवेदन लंबित पड़े हैं। इनमें वे लाभुक हैं जो आधार कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड, पहचान पत्र जैसे प्रमाण पत्रों की हार्ड कॉपी जमा नहीं कर सके हैं। इधर, लाभुकों के आवेदन की ऑनलाइन इंट्री फिलहाल बंद है। विभागीय जानकारी के अनुसार प्रोजेक्ट मरम्मत कार्य के कारण नए लाभुकों के आवेदन की ऑनलाइन इंट्री बंद है। इससे महिलाओं की भीड़ आए दिन प्रखंड मुख्यालय, प्रज्ञा केंद्रों में आवेदन देने के लिए भीड़ लग रही है।

दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आंगनबाड़ी सेविका होंगी शामिल

खूंटी : खूंटी जिला के मुरहू प्रखंड क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका शांति सोय को दिल्ली में गणतंत्र दिवस में बतौर विशेष अतिथि आमंत्रित किया गया है। सेविका के दायित्वों का उन्होंने बेहतर निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें दिल्ली में गणतंत्र दिवस 2025 समारोह का साक्षी बनने के लिए बुलाया गया है इसे लेकर वे बहुत उत्साहित हैं। शांति सोय ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका का कार्य करते हुए वह बच्चों की देखरेख के साथ साथ पढ़ाई लिखाई का कार्य भी संभालती हैं साथ ही गर्भवती माताओं की गोदभराई से लेकर समय समय पर दवाईयों तथा हर साग सब्जियों के माध्यम से पोषण संबंधी जागरूकता भी चलाती हैं। कुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र तक पहुंचाना तथा उनकी बेहतर देखरेख का पूरा जिम्मा आंगनबाड़ी सेविका के कंधों में होता है। आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य, शिक्षा, मतदाता जागरूकता समेत केंद्र सरकार द्वारा निर्देशित सभी कल्याणकारी योजनाओं में लाभुकों और सरकार के बीच एक कड़ी का काम करती हैं। वृद्ध पेंशन, विधवा पेंशन समेत सभी तरह के सामाजिक कल्याणकारी कार्यों में आंगनबाड़ी सेविका का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शांति सोय ने बताया कि उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यक्रम को नजदीक से देखने और नई चीजों को जानने का सुनहरा अवसर मिलेगा। वे बेहद उत्साहित है और सरकार का धन्यवाद भी करना चाहती हैं।

एसबीयू में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन

रांची । भारतीय संविधान की आत्मा इसकी प्रस्तावना में बसती है। पूर्व में अनेकानेक उदाहरणों और न्यायिक फैसलों में इसकी महत्ता भी उजागर हुई है। यह बातें झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. एस. एन. पाठक ने कहीं। वे आज सरला बिरला विश्वविद्यालय में प्रस्तावना--भारतीय संविधान का सार विषय पर आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अपने विचारों को रख रहे थे। उन्होंने प्रस्तावना को भारतीय लोकतंत्र के स्थायित्व एवं शासन एवं समानता आधारित समाज के लिए आवश्यक करार दिया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमें इसका सदुपयोग महज कोर्ट रूम में ही नहीं, बल्कि दैनंदिन जीवन में भी करना चाहिए। कार्यक्रम में विषय प्रवेश करते हुए एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के निखार में एक अच्छे वक्ता के योगदान की चर्चा की। उन्होंने माननीय न्यायाधीश का परिचय उपस्थित श्रोताओं से करवाते हुए न्यायिक क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा। माननीय कुलपति प्रो सी. जगनाथन ने धन्यवाद देते हुए न्यायिक प्रक्रिया के शीघ्र निष्पादन में जस्टिस पाठक के योगदान की चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. सुभानी बाड़ा, डॉ. नीलिमा पाठक, एस. डांडीन, डीन इंचार्ज कोमल गुप्ता, डॉ. आर. के. सिंह, श्वेता सिन्हा, राजीव रंजन, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. पूजा प्रेरणा, रश्मि सहाय एवं विवि के अन्यान्य शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति माननीय श्री बिजय कुमार दलान और माननीय सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

राज्य के 193 स्कूलों में स्मार्ट क्लास पर सीसीएल खर्च करेगी 26.7 करोड़

संवाददाता

रांची । सीसीएल द्वारा झारखण्ड के आठ जिले के 193 स्कूलों में स्मार्ट क्लास आईसीटी लैब की सेवाएं शुरू हो गयी। जहां नौनिहाल कंम्पयूटर से पढ़ाई करेंगे। जिसका ऑनलाइन उद्घाटन कोयला सचिव ने आम्रपाली अंतर्गत किशनपुर विद्यालय में किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे आम्रपाली जीएम अमरेश कुमार और सांसद पुत्र नीतेश कुमार ने भाग लिया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से झारखण्ड के विद्यालयों में इसका ऑनलाइन उद्धघाटन कोयला सचिव विक्रम देवदत्त ने किया। वही कार्यक्रम में योजना का विधिवत उद्घाटन सांसद पुत्र भाजपा नेता नितेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह व विधायक प्रतिनिधि विजय दांगी ने फीता काटकर किया। इस दौरान कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद व सीसीएल सीएमडी निलेन्दु सिंह भी ऑनलाइन जुड़े हुए थे।

जीएम अमरेश कुमार ने बताया कि आम्रपाली कोल परियोजना अंतर्गत 22 स्कूल इस योजना से लाभान्वित होंगें। सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने की दिशा में सीसीएल द्वारा यह कदम उठाया गया है। जीएम आम्रपाली ने कहा कि सीसीएल की यह एक बहुत बेहतर योजना है, जिसमें सरकारी स्कूल के बच्चो को बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही बेहतर शैक्षणिक वातावरण में पढ़ाई कर पाएंगे। बताया कि इस योजना पर सीसीएल 26.7 करोड़ रुपए सीसीएल खर्च कर रही है। मौके पर जीएम, सीएसआर एसएस लाल, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह सांसद के शिक्षा विभाग प्रतिनिधि प्रफुल्ल रंजन, विधायक प्रतिनिधि विजय दांगी, जॉन, अमित बोदरा, अनूप भगत, मोहसिन रजा विनोद कुमार, विकास पांडे व रंजीत विश्वकर्मा समेत कई उपस्थित थे।सीसीएल टंडवा प्रखंड के जिन 22 स्कूलों में स्मार्ट क्लास चलायेगी उसमे आदर्श स्कूल टंडवा, बुकरु, कल्याणपुर, मिसरौल, उत्क्रमित मीडिल स्कूल नावाडीह, दुन्दआ, लेम्बुआ, राहम, बरवाडीह, गोंदा, लरंगा, डहू, बालीबानपुर समेत अन्य स्कूल शामिल हैं।

एसीबी की छापेमारी में राजस्व कर्मचारी के घर से मिले 21 डीड और गाड़ी के पेपर

संवाददाता

रांची । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के ठिकानों में छापेमारी के दौरान 21 जमीन के डीड मिले हैं। साथ ही, गाड़ी के कई पेपर मिले हैं। सभी को एसीबी की टीम खंगाल रही है। एसीबी मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार को पूछताछ के लिए एसीबी कार्यालय बुलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को एसीबी की टीम ने

भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के चार ठिकानों पर छापेमारी की थी। एसीबी टीम ने एक साथ रांची, गुमला और औरंगाबाद में छापेमारी की थी।

हजारीबाग में देह व्यापार का खुलासा, सात गिरफ्तार

संवाददाता

हजारीबाग । झारखंड के हजारीबाग पुलिस ने चानो-कोनार पुल रोड के समीप संचालित होटल द किंग रिसोर्ट में देह व्यापार का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में रामगढ़, भुरकुंडा और बरही के तीन युवकों सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें तीन युवतियां हैं, जो ऑन कॉल होटल में ग्राहकों के सूचना पर आती थीं। पुलिस ने मौके से होटल की मैनेजर बबीता देवी को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से कई आपत्तिजनक वस्तुएं मिली हैं। सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में भुरकुंडा निवासी सोहेल खान पिता फरीद खान, सौंदाडीह निवासी गौतम कुमार, बरही निवासी विक्की सिंह व चौपारण का त्रिभुवन प्रसाद शामिल हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि होटल किंग रिसोर्ट ही नहीं, बल्कि एनएच 33 स्थित बायपास पर कई होटल हैं, जहां देह व्यापार और मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। पूर्व में भी कई युवतियों को पकड़ा गया है। लड़कियां बंगाल के आसनसोल से आती हैं। हर सुबह कोलकाता से आने वाली गाड़ियों से इन लड़कियों की टीम पहुंचती है। फिर स्थानीय स्तर पर भी ऐसी लड़कियों की टीम तैयार हो गई है। होटलों में इनका संपर्क रहता है और सूचना मिलने पर ये लड़कियां बताए हुए पत्ते पर पहुंचती हैं।

पारसनाथ की व्यवस्था पर हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य को जारी किया नोटिस

संवाददाता

रांची । झारखंड हाईकोर्ट ने जैन धर्मावलंबियों के प्रमुख धार्मिक स्थल पारसनाथ पहाड़ में उनकी धार्मिक आस्थाओं के अनुरूप व्यवस्था बहाल रखने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य की सरकार को नोटिस जारी किया है।झारखंड हाईकोर्ट ने दोनों सरकारों को याचिका में उठाए गए विषयों पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को मुकर्रर की है।यह याचिका जैन संस्था ज्योत की ओर से दाखिल की गई है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित पारसनाथ पहाड़ देश-विदेश के जैन धर्मावलंबियों का प्रमुख धार्मिक स्थल है। वहां विगत कई वर्षों से शराब एवं मांस की बिक्री हो रही है। यह जैनियों की धार्मिक आस्थाओं और भावनाओं के विपरीत है। इस तीर्थ क्षेत्र का अतिक्रमण भी हो रहा है, जिस पर राज्य सरकार अंकुश नहीं लगा पा रही है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने महाधिवक्ता राजीव रंजन से मौखिक रूप से कहा कि किसी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस लगना एक गंभीर मामला है। धार्मिक स्थलों को श्रद्धालुओं के लिए संरक्षित रखना चाहिए। प्रार्थी की ओर से पक्ष रखते हुए वरीय अधिवक्ता डेरियस खंबाटा, अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, खुशबू कटारुका और शुभम कटारुका ने कहा कि राज्य सरकार इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रही है। इस धार्मिक स्थल पर शराब एवं मांस की बिक्री होने से जैन धर्मावलंबियों की भावनाएं आहत हो रही हैं। केंद्र सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट एंड फॉरेस्ट क्लाइमेट चेंज ने 5 जनवरी 2023 को एक नोटिफिकेशन जारी कर कहा है कि पारसनाथ पहाड़ी पर जो भी कार्य हो, उसमें जैन धर्म के लोगों की भावना को ध्यान में रखा जाए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

सरकारी नौकरी घोटाला! 2.07 लाख नौकरी हो गई खत्म

हेमंत सरकार पर बाबूलाल का गंभीर आरोप

संवाददाता

रांची । झारखंड सरकार पर सरकारी नौकरी घोटाला का आरोप लगा है।यह आरोप भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि घोटालों और भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात हेमंत सोरेन सरकार ने बेरोजगारों को नया तोहफा दिया है। मरांडी ने कहा है कि नौकरी का वादा करते-करते इस सरकार ने सरकारी नौकरी के पद ही खत्म कर दिए। यह झारखंड सरकार का नया घोटाला है। सरकारी रिक्त पद घोटाला. बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर भी इस संबंध में एक पोस्ट किया है। पोस्ट के अंत में लिखा है हेमंत जी, दीमक की तरह झारखंड के युवाओं का भविष्य खोखला मत करिए।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पिछले 2 सालों में रिक्त पदों की

संख्या 4.66 लाख से घटकर 1.59 लाख रह गई है।उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने कोई परीक्षा नहीं कराया।कोई भर्ती नहीं हुई. सरकार युवाओं के 2 लाख 7 हजार नौकरी खा गई।भाजपा नेता ने कहा हेमंत सोरेन बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के प्रति कितने गंभीर हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिना नियुक्ति के ही 2 लाख से अधिक रिक्त पद गायब हो गए. उन्होंने कहा कि इस अनूठे घोटाला का जवाब न तो हेमंत जी के पास है, न अधिकारियों के पास।

कांग्रेस नेता बताएं- उमाशंकर अकेला को वापस लेने में क्या डील हुई : प्रतुल

संवाददाता

रांची । भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस के प्रभारी अब्दुल गनी मीर और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को स्पष्ट करना चाहिए कि उमाशंकर अकेला को वापस लेने में क्या डील हुई है।

प्रतुल ने शुक्रवार को कहा कि जब उमाशंकर अकेला का कांग्रेस ने बरही विधानसभा से पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट काटा था तो उमाशंकर अकेला ने इन बड़े नेताओं पर सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया था। अकेला ने 25 अक्टूबर , 2024 को बड़ा आरोप लगाते हुए कहा था कि कांग्रेस के प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को दो करोड रुपए घूस नहीं देने के कारण उनका टिकट काटा गया। उस समय कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कहा था कि उमाशंकर अकेला पर लीगल एक्शन होगा। प्रतुल ने कहा लीगल एक्शन की बात तो छोड़िए अब उनकी

ससम्मान वापसी हो गई।

प्रतुल ने कहा कि यह बड़े आश्चर्य की बात है कि उमाशंकर अकेला को पूरे सम्मान के साथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में पार्टी ने वापस शामिल कर लिया। ये वापसी कई प्रश्नों को जन्म देता है। पहले तो यह की उमाशंकर अकेला के दो करोड़ घूस के आरोप पर कांग्रेस ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कर इस आरोप को पुख्ता करने का काम किया था। अब तो अकेला की सम्मान से घर वापसी ने घूस के आरोप पर मोहर लगाने का काम किया है।

डिजिटल सक्षम पहल से झारखंड के छोटे व्यापारी हुए लाभान्वित

संवाददाता

रांची । कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) झारखंड में मास्टरकार्ड सेंटर फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ की सहायता से डिजिटल सक्षमता परियोजना के माध्यम से सूक्ष्म उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए प्रशंसनीय कार्य कर रहा है।

सीआईआई नेशनल एमएसएमई काउंसिल के चेयरमैन समीर गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि डिजिटल सक्षम पहल ने झारखंड के छोटे व्यवसायों को डिजिटल युग के अवसरों का लाभ उठाने के लिए सशक्त किया है। व्यापक प्रशिक्षण और समर्थन के माध्यम से यह पहल न केवल उनकी डिजिटल क्षमताओं को बढ़ा रही है, बल्कि स्थानीय व्यापार समुदाय में नवाचार और विकास की संस्कृति को भी प्रोत्साहित कर रही है।

बहुत से लोगों को इस पहल से लाभ हुआ है और इनमें एक सफलता की कहानी है आनंद प्रकाश की, जिन्होंने झारखंड में अपनी एनजीओ की नौकरी छोड़कर ÷जस्ट कम्स÷ नाम से व्यवसाय शुरू किया।

माओवादियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई अंतिम चरण मे

माओवादियों के आखिरी गढ़ चाईबासा को मुक्त करने लिए गृह विभाग बना रहा है एक्शन प्लान

संवाददाता

रांची । झारखंड में भाकपा माओवादियों के खिलाफ अंतिम जंग चल रही है। भाकपा माओवादियों के गढ़ रहे बूढ़ापहाड़ को अगस्त 2023 में मुक्त कराया गया था, इसके बाद पारसनाथ का इलाका भी पूरी तरह माओवादी प्रभाव से मुक्त हो चुका है। साल 2024 में भारत सरकार के गृह विभाग ने देशभर में अतिनक्सल प्रभाव वाले जिलों की सूची तैयार की थी, तब इस सूची में केवल झारखंड का एक जिला चाईबासा शामिल था। वर्तमान में चाईबासा के सारंडा व उसके आसपास के

इलाकों को नक्सलमुक्त करने की कवायद चल रही है। इलाके में झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ की संयुक्त टीमें लगातार अभियान चला रही हैं। सारंडा के आसपास के गांवों में रणनीतिक लिहाज से नए कैंप स्थापित कर घेराबंदी की जा रही है। हाल के दिनों में पुलिस व सीआरपीएफ के चार संयुक्त कैंप बनाए गए हैं, ताकि नक्सलियों की गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके, साथ ही उन्हें किसी भी तरह से जमीनी मदद नहीं मिल पाए। राज्य पुलिस के आईजी अभियान अमोल वी होमकर व आईजी सेक्टर सीआरपीएफ साकेत कुमार सिंह ने रणनीतिक लिहाज से इस कैंपों का दौरा भी किया था।सारंडा में वर्तमान में एक करोड़ के तीन इनामी माओवादी कैंप कर रहे हैं। पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा, माओवादी सेंट्रल कमेटी सदस्य असीम मंडल व पतिराम मांझी उर्फ अनल सारंडा इलाके में ही अपने सशस्त्र दस्ते के साथ कैंप कर रहे हैं। उनकी टीम के खिलाफ लगातार संयुक्त बलों का अभियान चल रहा है।

जेएलकेएम के पूर्व महासचिव दीपक महतो ने थामा आजसू का दामन

रांची । आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को जेएलकेएम के पूर्व महासचिव दीपक महतो ने पार्टी का दाम थामा। उनके साथ उज्ज्वल महतो, उत्कर्ष महतो, शशिभूषण भगत, सोम कुमार, अनिल खेरवार, बिरसा बाड़ा, एस. मनोहर खालको सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने भी पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मांडू विधायक तिवारी महतो, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो, रांची महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, परवाज़ खान और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। पार्टी ने विभाजन और विलय की अफवाहों को खारिज करते हुए झारखंड के विकास, आंदोलन की भावना की रक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। जननायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने रांची के प्रधान कार्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा, हम पूरी तरह से एकजुट हैं और झारखंड के विकास एवं सामाजिक न्याय के लिए कृतसंकल्प हैं। हमारा हर कदम राज्य के समग्र हित में होगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय समिति के सदस्य, विधायक, सांसद, जिला एवं प्रखंड पदाधिकारी, जिला परिषद के अध्यक्ष, सदस्य और प्रमुख शामिल होंगे।

सड़क हादसे में महिला समेत दो की मौत

पलामू । पलामू जिले के पाटन एवं पांकी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अलग अलग सड़क हादसे में एक महिला समेत दो की मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पहली घटना पाटन थाना क्षेत्र के कारीहार में हुई। यहां टेम्पो में बैठने के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी। इलाज के लिए ले जाने के क्रम में मौत हो गयी। दूसरी घटना पांकी-बालूमाथ मुख्य पथ करामाटी में हुई। ऑल्टो कार और पिकअप में जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे एक की मौत हो गयी, वहीं दो लोग जख्मी हो गए। सूचना मिलने के बाद पाटन एवं पांकी पुलिस छानबीन में जुटी है। जिले के पाटन थाना क्षेत्र के कारीहार में टेम्पो पर बैठ रही महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एमआरएमसीएच में लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गयी। महिला की पहचान रीता देवी (38), पति लक्ष्मण शर्मा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रीता गुरूवार दोपहर वह अपने रिश्तेदार के यहां कारीहार गई हुई थी। वहां से वह वापस ससुराल कांकेकला आ रही थी। टेम्पो में बैठने जा रही थी। इस क्रम में तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल ने उसे धक्का मार दिया। बाइक चालक मौके पर मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया। रीता देवी को ग्रामीणों के जरिये एमआरएमसीएच में लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

छोटे भाई ने बड़े भाई को मार डाला

पूर्वी सिंहभू । श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र के कालियाम पंचायत के लताघर गांव में शुक्रवार को छोटे भाई ने सगे बड़े भाई और भाभी पर पर कुदाल से जानलेवा हमला कर दिया। इसमें बड़े भाई की मौत हो गई, जबकि भाभी गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। घटना के बाद खुद आरोपी थाने में जाकर आत्ममर्पण कर दिया। गौरतलब है कि अहले सुबह लखन मांडी (70) और पत्नी सोमवारी मांडी (65) अपने खेत में गरमा धान पटवन के लिए सिंचाई नाला बना रहे थे। वहीं छोटे भाई कुशल मांडी भी पटवन के लिए नाला बना रहे थे। इसी दरम्यान दोनों भाई में विवाद हो गया। मौके पर कुशल मांडी ने कुदाल से बड़े भाई पर जोरदार प्रहार कर दिया। इसमें लखन मांडी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर श्यामसुंदरपुर पुलिस पहुंची और गंभीर रूप से घायल सोमवारी मांडी को इलाज के लिए घाटशिला के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एमजीएम रेफर कर दिया गया। आरोपी कुशल मांडी ने श्यामसुंदरपुर थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। घटना के फौरन बाद घाटशिला के एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो लखन मांडी अपनी पत्नी सोमवारी मांडी के साथ खेत में सिंचाई कर रहे थे। कुशल मांडी भी वहीं पर अपने खेत में पानी ले जाने के लिए नाला बना रहा था। पानी को लेकर विवाद हुआ और कुशल मांडी ने कुदाल से दोनों पर हमला कर दिया। पति और पत्नी लहूलुहान होकर खेत में गिर पड़े। इसके बाद कुशल मांडी अपने घर गया और कुदाल को घर में रख दिया। फिर सीधे थाना पहुंचा और खुद को सरेंडर कर दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुदाल को उसके घर से बरामद कर लिया है। आरोपी कुशल मांडी ने बताया कि खेत पटाने के दौरान पानी को लेकर भाई से विवाद हुआ। नोकझोंक होते-होते हाथापाई होने लगी। गुस्से में आकर उसने कुदाल से दोनों पर हमला कर दिया।

श्री रानी सती दादी मंदिर का वार्षिक महोत्सव संपन्न

रामगढ़ । श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित श्री रानी सती दादी मंदिर का दो दिवसीय 14 वां वार्षिक स्थापना महोत्सव शुक्रवार को संपन्न हो गया। महोत्सव को लेकर दादी मंदिर परिसर एवं दादी जी के दरबार को फूलों से सजाया गया और सारे मंदिर को बहुत ही आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। महोत्सव के दूसरे दिन गणेश पूजन के साथ बालाजी महाराज का सुंदरकांड प्रारंभ हुआ। सुंदरकांड के यजमान नरेश अग्रवाल सपत्नी मीना अग्रवाल को मंदिर के पुजारी विजेंद्र तिवारी एवं राधा रमन पांडे ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना करवाई। बालाजी महाराज का सुंदरकांड पाठ का आयोजन सुरेश बजाज के जरिये प्रारंभ हुआ। इनका साथ देने के लिए शारदा पोद्दार, सौरभ सरावगी एवं यशपी पांडे ने दिया। इनके द्वारा गाए गए भजनों पर सभी भक्ति भाव विभोर हो रहे थे। इनके जरिये गाए गए भजन पर भक्तजन झूमे। वही, संध्या में महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ 14 वां वार्षिक स्थापना महोत्सव का सफलता पूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में कई लोग मौजूद थे।

स्कूल वैन एवं बसों की हुई जांच, लगा जुर्माना

रांची । उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक (यातायात), राँची द्वारा संयुक्त रूप से डोरण्डा एवं धुर्वा क्षेत्र में लगभग 134 वाहनों के कागजातों यथा टैक्स, फिटनेश, इंश्योरेन्स, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट, ड्राईविंग लाइसेंस, ओवरलोडेड तथा सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों के बैठाने आदि की जांच की गई।जाँच के क्रम में कई स्कूल वैन एवं स्कूल बसों की जांच की गई। क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाये जाने तथा निजी वाहनों के व्यवसायिक उपयोग हेतु मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया एवं एक स्कूल वैन को जब्त कर यातायात थाना, जगरनाथपुर में सुरक्षार्थ रखा गया।बच्चों को असुविधा न हो इसे देखते हुए वाहन चालकों को मोटर वाहन अधिनियम के संसूचित नियमों के अधीन स्कूल वैन चलाने का चेतावनी देकर वाहनों को मुक्त किया गया। जाँच के दौरान कागजात पूर्ण नहीं रहने के कारण कुल 18 वाहनों से 1,59,401 रुपये का

नाबालिग लड़की को भगाने मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार,मामला दर्ज

हिरणपुर (पाकुड़) थाना क्षेत्र के एक गांव से बीते 18 जनवरी को एक नाबालिग लड़की को गलत नियत से भागने का मामला सामने आया है।इस घटना को लेकर लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के पीड़ित पिता ने हिरणपुर थाना में थाना कांड संख्या 13/25 में दर्ज कराई दर्ज मामले में पीड़ित पिता ने उल्लेख किया है कि मेरी 16 वर्षीया पुत्री हिरणपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने बहन के घर गई हुई थी। इसी बीच बीते 18 जनवरी 2025 को पाडेरकोला गांव के माताल हांसदा गलत नियत भगाकर अपने साथ ले गया है। इसपर स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की को बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। इस बावत थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि बच्ची को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है । वहीं नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

बीडीओ ने किया विद्यालय व आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर (पाकुड़) बीडीओ टुडू दिलीप ने शुक्रवार को डांगापाड़ा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। बीडीओ ने विद्यालय के जर्जर भवनों को लेकर प्रधानाध्यापक आनन्द कुमार भगत से आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। बीडीओ ने विद्यालय के सभी कमरों का अनुश्रवण किया। जो काफी जर्जर अवस्था मे पाया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि कक्षा आठ , नो व दस के बच्चो की पढ़ाई भवन अभाव में देवापाड़ा स्थित मध्य विद्यालय में बीते वर्ष से की जा रही है। जिससे बच्चो की काफी परेशानी हो रही है। नए सिरे से भवनों का निर्माण जल्द से जल्द होना आवश्यक है। उधर विभागीय सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार भवन निर्माण विभाग के द्वारा करीब 32 लाख की लागत से चार कमरों की भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है। पर अभी तक निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हो पाया है। बीडीओ ने आश्वस्त किया कि जल्द ही भवन निर्माण को लेकर वरीय पदाधिकारियो को अवगत कराया जाएगा। इसके बाद बीडीओ ने विद्यालय परिसर स्थित जर्जर पड़े आंगनवाड़ी केंद्र एक का भी जायजा लिया। जहां सेविका रंजू देवी ने बताई की जर्जर भवन के कारण अपने घर मे केंद्र संचालित किए हुए है। बीडीओ ने कहा कि स्थल चयन कर भवन निर्माण कार्य कराई जाएगी। बीडीओ ने शिक्षक , ग्रामीण सहित स्कूली बच्चों को मतदाता दिवस व सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई। बीडीओ ने उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि मतदान हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। सभी लोग मतदान में अवश्य भाग ले। यदि किसी का नाम छूटा हुआ है तो सम्बन्धित बीएलओ से जोड़ा ले। वही सड़क सुरक्षा को लेकर कहा कि आये दिन सड़क दुर्घटना होते आ रहा है। तेज गति से वाहन नही चलाना चाहिए। बाइक चलाते वक्त हेलमेट अवश्य लगाए व चार पहिये वाहन चलाते समय सीटबेल्ट अवश्य बांधे। जिससे दुर्घटना से हम बच सकते है। इसके बाद बीडीओ ने तेलोपाड़ा में गरीब लोगों के बीच कम्बल का भी वितरण किया गया ।इस अवसर पर बीपीओ ट्विंकल चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

नेहरू युवा केंद्र ने चलाया सड़क जागरूकता अभियान

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज शुक्रवार को साहिबगंज सदर प्रखंड के अंतर्गत सुभाष चौक जिला बड़ी फाटक ग्रीन होटल टमटम स्टैंड साक्षरता चौक पर राष्ट्रीय स्वयंसेवकों एवं यूथ क्लब के सदस्यों ने मिलकर जागरूक किया इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना को कम करना एवं लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर प्रेरित करना है। साथ ही साथ लोगों को अपने साथ बाइक चलाते समय हेलमेट लगाना बाइक से संबंधित दस्तावेज को साथ रखना कर चलते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना वाहनों को चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना बाइक में 4 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे यदि साथ है तो उन्हें भी हेलमेट लगाने के लिए सलाह देना इत्यादि यातायात के नियमों के प्रति लोगों को जागरुक कर प्रेरित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के साथ-साथ जीव बड़ी थाना के थाना प्रभारी श्री शशि सिंह उपस्थित रहे उन्होंने भी लोगों को यातायात नियमों के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में राज कोचिंग सेंटर के शिक्षक श्री रविकांत आती पूर्व छात्र नायक विनय टुडू और राष्ट्रीय स्वयंसेवक कौशल अंसारी एवं चंदन कुमार के साथ राज कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राएं उपस्थिति रही।

बिना माइनिंग चालान के ओवरलोड हाईवा को पुलिस प्रशासन ने किया जब्त

उधवा। राधानगर पुलिस व बीडीओ उधवा ने संयुक्त छापेमारी कर मोहनपुर के पास से बिना माइनिंग चालान के ओवरलोड एक हाईवा को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार बीडीओ उधवा जयंत कुमार त्रिपाठी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि बिना माइनिंग चालान के ओवरलोड एक हाईवा का परिचालन हो रहा है। सूचना के आलोक में बीडीओ उधवा व राधानगर पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर डस्ट लदा बिना माइनिंग चालान के एक हाईवा को रोककर चालक से संबंधित कागजात की मांग की। हालाकी चालक के के द्वारा कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नही कर सका। वही हाईवा को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई हेतु राधानगर पुलिस को सुपर्द कर दिया गया और चालक व खलासी को हिरासत में ले लिया गया। मामले को लेकर बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार त्रिपाठी के बयान पर कांड संख्या 25/25 के माइनिंग एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। वही हिरासत में लिए गए अशोक मंडल व सुनील मालतो को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

कीटनाशक दवा खाने से युवक की हालत बिगड़ी, भर्ती

साहिबगंज। राजमहल के मेहंदीपुर में शुक्रवार को कीटनाशक दवा खाने से एक यूवक की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। युवक संजय कुमार कुमार का पुत्र कंचन कुमार(23) है। पिता ने बताया कि दोनो पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा है। इस मामले को लेकर यूवक ने कीटनाशक दवा खा लिया। वही युवक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

सदर अस्पताल के छतो पर फेंका पड़ा है रेनिटिडिन हाइड्रोक्लोराइड आईपी इंजेक्शन

प्रमोद कुमार

साहिबगंज। सदर अस्पताल में ा लापरवाही का मामला प्रकाश मे आया है.सदर अस्पताल के छत पर अल्सर ,पेट या आंत में घावों के इलाज के लिए एवं गैस होने पर उपयोग किये जाने वाली रेनिटिडिन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन आईपी का दो दर्जन डब्बा फेका पड़ा मिला. है। हालांकि यह इंजेक्षन दो माह पूर्व ही एक्सपायर हो गई है.छत पर फेके पड़े रेनिटिडिन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन आईपी के डब्बे पर बैच नम्बर आरएनआई -2205 एवं उत्पादन तिथि 11-2022 एवं समाप्ति तिथि 10-2024 अंकित है. सदर अस्पताल में अक्सर इस तरह के मामले आते रहते हैं। छत पर फेके गये रेनिटिडिन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन आईपी की घटना कोई नई घटना नही है.साहिबगंज जिले मे दवाओ को फेके जाने,दवाओ को आग के हवाले कर दिए जाने, स्लाइन को नाली मे बहा देने के मामले पूर्व मे घटित हो चुके हैं।. किसने छत पर फेका रेनिटिडिन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन आईपी यह जांच का विषय हो सकता है।

साहिबगंज - सदर अस्पताल के छत पर गैस मे उपयोग किये जाने वाले रेनिटिडिन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन आईपी दवाओ को कब,किसने,क्यो फेका इस बात की जानकारी सदर अस्पताल मे किसी को नही हैं। .इस मामले का खुलासा जांच के बाद ही हो सकता है. इस संबंध में पूछे जाने पर सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने कहा कि सदर अस्पताल के छत पर रेनिटिडिन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन आईपी के फेके जाने की जानकारी हमें नही है.इस मामले की जांच करायी जाएगी और दोषी संबंधित कर्मियों पर यथाशीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो इसका भी ख्याल रखा जाएगा। दवा यदि एक्सपायर हो जाती है तो उसे नियमानुसार नष्ठ किया जाना भी जरूरी हो जाता है।

नाबालिक का अपहरण व यौन संबंध मामले में शिक्षक को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज शुक्रवार नाबालिक लड़की का अपहरण कर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में संत मैरी स्कूल बरहेट के शिक्षक जोन टुडू को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सह पोक्सो न्यायाधीश वीरेंद्र श्रीवास्तव ने दोषी पाते हुए 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25000 जुर्माना की सजा सुनाई है। ज्ञात होगी उत्क्रमित उच्च विद्यालय फूलभंगा के शिक्षिका अरुणा मरांडी की नाबालिक पुत्री का एक मार्च 2024 को दोपहर 2ः30 बजे बाहला फुसलाकर कर अपहरण करने तथा आरोपी जॉन टुडू अपने रिश्तेदार के घर में ले जाकर यौन संबंध बनाने के आरोप में, सुचिका अरुणा मरांडी ने बरहेट थाना कार्ड संख्या-28/2024 में जौन टूडु के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई थी। पुलिस ने उक्त नाबालिक लड़की को जौन टुडू के रिश्तेदार के घर से बरामद किए और वह पिडीता का न्यायालय में दफा 164 का बयान कलम बद्ध करायें थे। अभियोजन की ओर से न्यायालय में साक्षीयो ने घटना का समर्थन किया तत्पश्चात न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत जोन टुडू को भदवी की धारा 366 मैं 10 वर्ष का सश्रम कारावास व ?10000 का जुर्माना एवं पोक्सो एक्ट की धारा 6 मे 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25000 जुर्माना का सजा सुनाया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक आनंद कुमार चौबे ने सुनवाई में हिस्सा लिए।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाताओं ने ली शपथ

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड एवं अंचल कार्यालय परिसर में स्कूली ब'चों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता ने शपथ पत्र पढ़ते हुए सभी को लोकतंत्र की मर्यादा बनाए रखने और निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक परंपराओं की गरिमा को बनाए रखते हुए सभी को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी संदेश दिया कि धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय, भाषा या किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है। इस अवसर पर बीपीआरओ जिल्लूर रहमान, सहायक अभियंता सुनील कुमार, मनरेगा बीपीओ अजय गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में राजीकीयकृत प्लस टू उ'च विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय और अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं और कार्यालय कर्मियों ने भी सक्रिय भागीदारी की।

बालिका चित्रकला में विभिन्न संस्थानों की बलिकाओं ने लिया भाग

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज शुक्रवार को नगर पालिका क्षेत्र के चौक बाजारबस्तीठ गोपाल चोखानी पूर्व वार्ड पार्षद के आवास पर राजस्थान स्कूल के पास के सभागार में न्यू झारखंड युवा क्लब के तत्वाधान में बालिकाओं का चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद गोपाल चोखानी एवं एलसीसी कंप्यूटर सेंटर के प्राचार्य उत्तम कुमार , टूल्टुल सिन्हा, विनोद केसरी एवं ज्योतिषाचार्य कुंज बिहारी जी एवं अंकित केसरी के द्वारा दीप जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी पूर्व सैनिक मनोज कुमार यादव एवं एलसीसी कंप्यूटर सेंटर के शिक्षक गौरव झा एवं जितेंद्र हरि तालाब स्कूल के शिक्षक ने सहयोग प्रदान किया।इस कार्यक्रम के आयोजक विनोद कुमार यादव के द्वारा कराया गया।

बीएलओ ने मतदाताओं को दिलाया शपथ

मंडरो,साहिबगंज। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार के निर्देशानुसार प्रखंड के सभी बूथों पर शुक्रवार को मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें मतदाताओं को लोकतंत्र पर पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश के लोकतांत्रिक मर्यादाओं को बनाए रखने। जिसमें स्वतंत्र निष्पक्ष शांतिपूर्ण निर्वाचन करने और मतदान की गरिमा को अक्षुण रखने जिसमें मतदान बिना प्रलोभन से प्रभावित हुए मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ दिलाया गया।मौके पर कौड़ी खुटोना पंचायत भवन बूथ की बीएलओ सेलिन किस्कू,तहसील भवन मिर्जाचौकी बूथ की बीएलओ, प्राथमिक विद्यालय कोहबारा की बीएलओ एलिजाबेथ हांसदा,प्राथमिक विद्यालय गांधीनगर की बीएलओ नीता कुमारी सहित प्रखंड की 67 बूथों पर सभी बीएलओ ने मतदाताओं को शपथ दिलवाई।

अधजली लाश मामले का हुआ उद्भेदन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज शुक्रवार को प्रेसविज्ञप्ति के माध्यम से पुलिस ने बताया कि जिले के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा लोहंडा के खुजली झरना के निकट एक गड्ढे से बीते 23 दिसंबर को बरामद हुई अधजली लाश मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है।जिरवाबाड़ी थाना में शुक्रवार को सदर एसडीपीओ ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि मृतक की पहचान तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी भागियामारी निवासी पृथ्वी सोरेन के रूप में हुई थी। मामले में मृतक की पत्नी मरांग कुड़ी मुर्मू के आवेदन पर जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या 207/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू किया गया था। मामले के उद्भेदन के लिए एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। अनुसंधान के क्रम में तकनीति सहयोग से छोटी भागियामारी निवासी शेखर सोरेन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। शेखर सोरेन ने पुलिसिया पूछताछ में छोटी भागियामारी निवासी महिला ताला कुड़ी सोरेन, नीरा पाड़ा निवासी गंगा सोरेन व अन्य की संलिप्तता बताई। जिसके आधार पर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में ये बात सामने आई कि महिला ताला कुड़ी सोरेन ने पुराने ज़मीन विवाद में अपने चाचा पृथ्वी सोरेन की हत्या करवा दी। उनके पास से एक कीपैड मोबाइल बरामद किया गया है। छापामारी दल में एसडीपीओ किशोर तिर्की, सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, पुअनि लव कुमार, बंटी यादव, दीपक क्रिएसन व सशस्त्र बल शामिल थे।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

साहिबगंज। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में आज शनिवार को एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में जिले के विभिन्न संस्थानों और स्कूलों को भाग लेने का आमंत्रित किया जाता है।यह कार्यक्रम 25 जनवरी को संध्या 6 बजे होगा, जहां छात्रों और प्रतिभागियों को अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य,संगीत,नाटक और अन्य विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक संस्थानों और स्कूलों को 25 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे तक संपर्क नंबर 9955104167 पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।यह आयोजन न केवल जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगा, बल्कि राष्ट्रीय पर्व को उत्साहपूर्वक मनाने का भी अवसर देगा। जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों और संस्थानों से इसमें भाग लेने का आग्रह किया है, ताकि यह कार्यक्रम सफल और यादगार बन सके।

जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती मनाई गई

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन मे अंबेडकर संस्था एवं मुलनिवासी संघ जिला ईकाई साहेबगंज की ओर से भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के 101 वें जयंती समारोह पर मनाया गया इस अवसर पर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के तैलीय तस्वीर पर माल्यार्पण एवं मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम आरंभ किया गया।अनिल पासवान ने अपना वक्तव्य में कहा सामाजिक न्याय के योद्धा एवं बिहार के एक बार उप मुख्यमंत्री दो बार मुख्यमंत्री के रूप में दो कार्यकाल पूरे किए बहुजन समाज के भाईयों यू ही जननायक की उपाधि कर्पूरी ठाकुर जी को नही मिला,बचपन में स्कूल के फीस के लिए 27 बाल्टी पानी भरने पडे थे ,अथक परिश्रम करके देश सेवा में जुट गए बालदेव उरॉव ने कहा ओबीसी समाज को अपने मुख्यमंत्री काल में 27त्न आरक्षण लागू किया । उपस्थित लोग - बालदेव उरॉव, अनिल पासवान, आदित्य नारायण, फुलकुमार रजक ,रामाआशिष यादव, शेखर पासवान, रामसरूप यादव, श्याम दास, नवल किशोर पासवान, अजमत हुसैन, सोनू ठाकुर, विजय पासवान, कृष्ण देव मंडल एवं अन्य मौजूद थे ।

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट ने एक साथ पूरे देश में किया रक्तदान

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज/ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर शुक्रवार को पूरे देश में एकसाथ ऐतिहासिक रक्तदान हुआ। इसके तहत जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने भी सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 तक रक्तदान शिविर लगाएगा। एसोसिएशन अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह व सचिव कृष्णा प्रसाद भगत के नेतृत्व में दर्जनों सदस्यों ने स्वेच्छिक रक्तदान किया। मौके पर उपाध्यक्ष नवल किशोर मंडल, कोषाध्यक्ष रणजीत कुमार, संयुक्त सचिव महेश अग्रवाल, सदस्य दीपू कुशवाहा, चंदन योगी, मो राकिब, मो हाशिम परवेज़, गौरव रामेश्वरम, रतन अग्रवाल, मो वसीम,मनीष चौरसिया, स्वामी कुमार, सुभाष कुमार, मो सैफ अली, सूरज कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, मो नवाजिश आलम, शहबाज सहित लैब टेक्नीशियन मो अज़हर व अन्य मौजूद थे।

नाले का गंदे पानी फेकने को लेकर दो अलग-अलग मामला दर्ज

महेशपुर (पाकुड़)थाना अंतर्गत महेशपुर- ग्वालपाड़ा गांव में नाले का गंदे पानी फेंकने को लेकर दो अलग- अलग मामला दर्ज की गई है। वही पहला पक्ष वादी नंद किशोर यादव ने थाने में दिए गए लिखित आवेदन में उल्लेख किया है कि महेशपुर- ग्वालपाड़ा गांव में बीते बुधवार को गांव के ही लालू यादव हमलोगों के निजी नाले में कूड़ा कचड़ा डालकर नाली को जाम कर रहा था।जब मैं मना किया तो गंदे गंदे गाली गलौज करते हुए और धक्का मुक्की करने लगा। इसी बीच भूषण यादव, बास्की यादव, किसन यादव, लव यादव, ओझा यादव सहित करीब आठ अन्य व्यक्ति लाठी डंडे व सब्बल लेकर मारपीट करने लगा। जिससे मेरा सिर फट गया मुझे मारता देख मेरी नतनी रिंकी कुमारी बचाने का प्रयास किया। लेकिन उसको भी रड से मारकर जख्मी कर दिया।मेरा लड़का आकाश यादव, सोनू यादव को भी मारकर घायल कर दिया। और मोबाइल फोन व सोने का चेन छीन लिया।वही आरोपियों ने जाते- जाते जान से मारने की धमकी भी दी है। उधर वादी के लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज की गई है। वही दूसरे पक्ष के वादी ओझा यादव ने थाने में दिए गए लिखित शिकायत में उल्लेख किया है कि मेरा घर के पास सिंचाई विभाग का ऑफिस है। जिसमे सेवानिवृत्त नंद प्रसाद यादव नामक व्यक्ति रहता है। बीते बुधवार को करीब शाम छह बजे नंद यादव के द्वारा मेरा निजी

बीएसके कॉलेज में एनएसयूआइ के नेतृत्व में परीक्षा नियंत्रक के नाम प्राचार्य को ज्ञापन

बरहरवा । बीएसके कॉलेज बरहरवा में शुक्रवार को छात्र नेता सोयेब अख्तर के नेतृत्व में सिद्धू कानू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के परीक्षा नियंत्रक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें तीन समस्याओं का उल्लेख किया गया है। जिसमें बताया गया है कि 17 जनवरी 2025 मेमो संख्या सिदो-कान्हू विश्वविद्यालय परीक्षा /39/25 के अनुसार यूजी सेमेस्टर - 2 (सत्र 2023- 27) के विद्यार्थियों परीक्षा प्रपत्र भर सकते हैं। इसमें यूजी सेमेस्टर - 2 (सत्र 2022- 26) में कई विद्यार्थी किसी विषय में फेल हुए हैं।इसमें यूजी सेमेस्टर - 2 (सत्र 2022- 26) के अपने विषय में फेल विद्यार्थियों के लिए परीक्षा प्रपत्र भरने की अनुमति दी जाए एवं विश्वविद्यालय अपने स्तर एक सूचना भी जारी करने की कृपा करें। क्योंकि बहुत सारे विद्यार्थी असमंजस में है एवं उनकी विवरण वेबसाइट में नहीं आने के कारण परीक्षा प्रपत्र नहीं भर पा रहे हैं। एवं यूजी सेमेस्टर - 2 (सत्र 2023- 27) के विद्यार्थियों परीक्षा प्रपत्र भर भरने के दौरान उनकी आईडी, पासवर्ड फॉरगेट नहीं हो पा रहे हैं। जिस कारण से बहुत सारे विद्यार्थी अपने परीक्षा प्रपत्र भरने से वंचित है। एवं यूजी सेमेस्टर - 3 (सत्र 2022- 26) की परीक्षा 28 जनवरी से प्रारंभ हो रही है लेकिन अभी तक सैकड़ो विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं हो रहे हैं। उपरोक्त बिंदुओं पर अभिलंब ध्यान देकर इसका समाधान जल्द से जल्द करने की मांग रखी है। वहीं छात्र नेता सोयेब अख्तर ने बताया कि विश्वविद्यालय में करीब 2 साल से कुलपति का पद खाली है। आप इसी से अंदाजा लगा सकते हैं कि विश्वविद्यालय छात्रों के भविष्य के साथ कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं। एनईपी सत्र (2022-26) के सत्र बहुत देरी से चल रही है अभी तक हमारे विश्वविद्यालय में सत्र (2022-26) सेमेस्टर 3 का परीक्षा संपन्न नहीं हुई है। अन्य विश्वविद्यालयों में इसी सत्र का सेमेस्टर 5 की परीक्षा की तैयारी चल रही है। मौके पर उपस्थित पूर्व कॉलेज अध्यक्ष शयाम कुमार, एनएसयूआई सदस्य फैसल आलम, मो मुशलेउद्दीन, सरफराज नवाज, अशफाक अली, मोबारक शेख, नजीमुद्दीन मंसूरी एवं कॉलेज छात्र मुशर्रफ आलम, मुस्तकीम आलम, उमर फारूक, रबीउल आलम तथा अन्य कई छात्र उपस्थित थे।

क्रिकेट मैच देखने के दौरान बाइक की चोरी

उधवा। राधानगर थाना क्षेत्र के ईंग्लिश से गुरुवार को सड़क किनारे से एक बाइक की चोरी हो गई। घटना को लेकर गोहलबाड़ी गांव के रबीउल शेख ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस को दिए गए आवेदन में रबीउल शेख ने बताया है कि गुरुवार को समय 3 बजे वे अपनी लाल रंग के स्प्लेंडर प्लस जेएच 18 एल 4647 पर सवार होकर ईंग्लिश क्रिकेट देखने गया था। उन्होंने बताया कि वे अपनी बाइक को सड़क किनारे खड़ाकर क्रिकेट मैच देख रहा था। इसी दौरान मैच समाप्त होने के बाद वे अपनी बाइक के पास पहुंचा तो बाइक वहां से गायब मिला।

पूर्व रेलवे

ठिका खोबोर सं.: ईएल-81-24, माहित 23.01.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिकादारको जाहांय ठेन वैद्य विद्युत ठिकादार रेयाक् लाइसेंस मेनाक् ताकोआ आर नोवाको कामीपुराउ रे काडडी रूप रे दाड़े मेनाक्कोआ, ठेन खोन ई-ठिकानेवतायेत् कानाः ठिका खोबोर सं.: ईएल-81-24, **कामी रेयाक् जुतुम आर नोआ रेयाक् जायगाः** आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल तारी रे स्टेशन, लोडिंग पॉइंट आर यार्ड रेयाक् एप्रोच रोड रे एचएमटी (हाई मास्ट टावर) लाइव रेयाक् प्रावधान। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 2,03,45,087.88/-, **बायना पायसाः** रु. 2,51,700/-, **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः शून्य। कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 09 चान्दो। **बोदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 17.02.2025 हिलोक् 11.00 बजे। पुराउ बिवरोन दो रेलवे रेयाक् वेबसाइटः www.ireps.gov.in रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-308/2024-25

ठिका खोबोर दो वेबसाइट www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in रे होंं बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बढ़ता कर्ज : भारत का आर्थिक संकट, बजट आम या खास के लिए?

भारत की आर्थिक स्थिति आज गंभीर चिंताओं के घेरे में है। विदेशी कर्ज 7,11,800 मिलियन डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है। सरकारी कर्ज का अनुपात जीडीपी का 83.1प्रतिशत हो गया है। डॉलर के मुकाबले रुपए का गिरना, आयात और निर्यात का बढता असंतुलन देश के वित्तीय प्रबंधन के संकट को उजागर कर रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चिंता को बढा रहे हैं। आर्थिक सुधार की दिशा में अभी भारत को लंबा सफर तय करना होगा। सरकार जो दावे कर रही है, उससे विपरीत आर्थिक स्थिति वर्तमान में है। 2014 तक भारत पर 54 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था। पिछले एक दशक में कर्ज चार गुना बढ़ गया है। सरकारी योजनाओं और सरकारी खर्च की पूर्ति के लिए सरकार लगातार उधार ले रही है। सरकार खर्च को पूरा करने के लिए जनता पर टैक्स का बोझ साल दर साल बढ़ा रही है। जीएसटी ने गरीब और मध्यम वर्ग की परेशानियों को बढ़ा दिया है। हर वस्तु और सेवा पर टैक्स लगाने की नीति ने लोगों के खर्च को बढ़ा दिया है। वह अपनी रोजाना की ज़रूरतें भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। बचत के स्थान पर गरीब और मध्यम वर्ग कर्ज का शिकार होता चला जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रही हैं। 45 वर्षों की सबसे ऊंची बेरोजगारी दर और गोल्ड लोन की बढ़ती मांग मध्य वर्ग के आर्थिक हालात को दिखा रही है। आम लोग आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। नोटबंदी और जीएसटी की नीतियों ने देश की आर्थिक संरचना को भारी नुकसान पहुंचाया है। 2025 के बजट से जनता को बड़ी उम्मीदें हैं। सस्ती आवासीय योजनाएं, रोजगार के अवसर, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार, बजट की प्राथमिकता में होना चाहिए। क्या आगामी बजट इन उम्मीदों पर खरा उतर पाएगा? इसके संकेत आर्थिक सर्वेक्षण में सम्भव हैं। पिछले बजट का अनुभव कागजों में ही सीमित है। देश को एक ऐसी दूरदर्शी नीति की आवश्यकता है, जो चुनावी लक्ष्यों तक सीमित होकर ना रह जाये। सरकार को जनता के दीर्घकालिक हितों की रक्षा करने बजट को तैयार करना होगा। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में आर्थिक स्थिरता थी। वैसा ही दृष्टिकोण वर्तमान सरकार को अपनाना होगा। सही मायने में अर्थ विशेषज्ञ सरकार के बजट को तैयार नहीं कर रहे हैं। कारपोरेट जगत अपने फायदे के लिए अपने ही आदमियों से बजट को तैयार करवा रहा है। सरकार को उन्हीं के ऊपर विश्वास है, या सरकार की मजबूरी है। चिंता की यह सबसे बड़ी बात है। सरकार ने बजट तैयार करने वाले वित्तीय विशेषज्ञों को हटाकर उनके स्थान पर कॉरपोरेट जगत के लोगों को बजट बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। सरकार को चाहिए आर्थिक सुधारों में पारदर्शिता लाएं। सरकार वित्तीय पारदर्शिता को बढ़ाने और जिम्मेदारी तय करने का काम प्राथमिक्ता से करे। इस तरह के ठोस कदम उठाए, जो कर्ज के बोझ को कम करें। जनता को करों से राहत मिले। देश की श्रमशक्ति को प्रोत्साहित करने, बचत को बढ़ावा देने, गरीब मध्यम वर्ग और बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान देना बजट की सर्वोच्च प्राथमिकता में होना चाहिए। विकास और दिखावे के नाम पर जो अनाप-शनाप सरकारी खर्च किया जा रहा है, उस पर सरकार को कटौती करनी चाहिए।

आत्मनिर्भरता के साथ रक्षा क्षेत्र में भारत की मजबूती

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

हमारा राष्ट्र पाकिस्तान, बांग्लादेश और चीन जैसे दुश्मनों से घिरा हुआ है, जो सीमाओं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संचालन के विभिन्न तरीकों का उपयोग करके हमारे महान राष्ट्र को कमजोर करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। साथ ही विभिन्न राज्यों में उग्रवादी नक्सलियों को विकसित कर रहे हैं, विभिन्न राज्यों में अशांति पैदा करने के लिए बौद्धिक शहरी नक्सलियों को भी विकसित कर रहे हैं। हम पहले से जानते हैं कि यदि कोई देश सैन्य रूप से कमजोर है और उसके पास मजबूत हथियार, आयुध और गोला-बारूद की कमी है तो अन्य देश स्थिति का लाभ उठाएँगे, जैसा कि हमने 2014 से पहले देखा है। मोदी शासन के पिछले दस वर्षों में स्थिति बदल गई है। आईए देखें कि हमारी रक्षा स्थिति सैन्य और वित्तीय दोनों रूप से कैसे बदल गई।

रक्षा में आत्मनिर्भरता के प्रति भारत का समर्पण एक प्रमुख हथियार आयातक से स्वदेशी निर्माण के उभरते केंद्र में इसके परिवर्तन से प्रदर्शित होता है। वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा मंत्रालय ने रणनीतिक सरकारी नीतियों द्वारा संचालित घरेलू रक्षा उत्पादन में रिकॉर्ड 1.27 लाख करोड़ की वृद्धि दर्ज की। पहले अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर रहने वाला भारत अब अपनी सुरक्षा मांगों को पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर विनिर्माण को प्राथमिकता देता है, जो राष्ट्रीय लचीलापन सुधारने और बाहरी स्रोतों पर निर्भरता कम करने की उसकी महत्वाकांक्षा की पुष्टि करता है।भारत के रक्षा उत्पादन में वृद्धि

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन को जाता है। डीपीएसयू, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और निजी कंपनियों के आंकड़ों के अनुसार, रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46,429 करोड़ रुपये से 174त्न बढ़कर 1,27,265 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। ऐतिहासिक रूप से, भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर दूसरे देशों पर निर्भर रहा है, जिसमें लगभग 65-70त्न रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे। हालाँकि, माहौल काफी बदल गया है, अब 65त्न से अधिक रक्षा उपकरण भारत में बनाए जाते हैं। यह परिवर्तन इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और इसके रक्षा औद्योगिक आधार की ताकत को उजागर करता है, जिसमें 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयाँ (ष्ठक्क), 430 से अधिक लाइसेंस प्राप्त कंपनियाँ और लगभग 16,000 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्रस्रश्च) शामिल हैं।

उल्लेखनीय रूप से इस उत्पादन का 21त्न निजी क्षेत्र से आता है, जो भारत के आत्मनिर्भरता के मार्ग को बढ़ावा देता है। धनुष आर्टिलरी गन सिस्टम, एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस), मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन,

लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस, पनडुब्बियां, फ्रिगेट, कोरवेट और हाल ही में कमीशन किए गए आईएनएस विक्रांत जैसे प्रमुख रक्षा प्लेटफॉर्म मेक इन इंडिया पहल के हिस्से के रूप में विकसित किए गए हैं, जो भारत की बढ़ती रक्षा क्षेत्र की क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं। वार्षिक रक्षा उत्पादन ?1.27 लाख करोड़ से अधिक हो गया है और चालू वित्त वर्ष में ?1.75 लाख करोड़ को पार करने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य 2029 तक रक्षा उत्पादन को बढ़ाकर ?3 लाख करोड़ करना है, जिससे वह खुद को दुनिया भर में विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सके। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 में ?686 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में ?21,083 करोड़ हो गया है, यह उपलब्धि सरकार द्वारा किए गए प्रभावी नीतिगत सुधारों, पहलों और व्यापार करने में आसानी में सुधार का परिणाम है, जिसका लक्ष्य रक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करना है।पिछले वित्त वर्ष की तुलना में रक्षा निर्यात में 32.5त्न की वृद्धि हुई, जो ?15,920 करोड़ थी। भारत के निर्यात पोर्टफोलियो में उन्नत रक्षात्मक उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जैसे बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट, डोर्नियर (ष्ठश्-228) विमान, चेतक हेलीकॉप्टर, त्वरित इंटरसेप्टर नौकाएं और हल्के टॉरपीडो। एक उल्लेखनीय विशेषता रूसी सेना के उपकरणों में %मेड इन बिहार% बूटों को शामिल करना है, जो वैश्विक रक्षा बाजार में भारतीय उत्पादों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर का प्रतिनिधित्व करता है, साथ ही देश के मजबूत विनिर्माण मानकों को भी प्रदर्शित करता है।

भारत वर्तमान में 100 से अधिक देशों को निर्यात करता है, जिसमें 2023-24 में रक्षा निर्यात के मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया पहले से तीसरे स्थान पर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का लक्ष्य 2029 तक रक्षा निर्यात को 50,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाना है द्य प्रमुख सरकारी पहल हाल के वर्षों में, भारत सरकार ने देश की रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ाने और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी परियोजनाएँ शुरू की हैं। इन नीतियों का उद्देश्य निवेश आकर्षित करना, घरेलू विनिर्माण में सुधार करना और खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (स्नष्ठढ्ढ) की सीमाओं को उदार बनाने से लेकर स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने तक, ये कदम भारत के रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

निम्नलिखित बिंदु उन महत्वपूर्ण सरकारी प्रयासों का सारांश देते हैं जिन्होंने रक्षा क्षेत्र में विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदारीकृत स्नष्ठढ्ढ नीति- 2020 में, रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (स्नष्ठढ्ढ) की सीमा को नए रक्षा औद्योगिक लाइसेंस चाहने वाली कंपनियों के लिए स्वचालित मार्ग के माध्यम से 74त्न तक बढ़ा दिया गया था और आधुनिक तकनीकों तक पहुँच की उम्मीद करने वालों के लिए सरकारी मार्ग के माध्यम से 100त्न तक बढ़ा दिया गया था। 9 फरवरी, 2024 तक, रक्षा फर्मों ने ?5,077 करोड़ का एफडीआई घोषित किया है। रक्षा मंत्रालय का 2024-25 के लिए बजट आवंटन ?6,21,940.85 करोड़ है, जो कि मौजूदा बजट सत्र के दौरान संसद में पेश की गई ÷अनुदान मांग÷ का हिस्सा है।घरेलू खरीद को प्राथमिकता- रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी)-2020 घरेलू स्रोतों से पूंजीगत उत्पादों की खरीद पर जोर देती है। सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियाँ- सेवाओं की कुल 509 वस्तुओं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) से 5,012 वस्तुओं की पाँच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों की अधिसूचना, निर्दिष्ट समय सीमा के बाद आयात पर प्रतिबंध के साथ तैयार की गई है। सरलीकृत लाइसेंस प्रक्रिया- औद्योगिक लाइसेंस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और लंबी वैधता अवधि प्रदान करना। निष्कर्ष रक्षा में आत्मनिर्भरता के लिए भारत का मार्ग आयात पर निर्भरता से आत्मनिर्भर विनिर्माण केंद्र बनने की ओर एक क्रांतिकारी बदलाव को दर्शाता है। घरेलू उत्पादन और निर्यात में रिकॉर्ड परिणाम राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और मजबूत रक्षा उपायों के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। रणनीतिक नीतियों के साथ, स्वदेशीकरण पर बढ़ते जोर और एक संपन्न रक्षा औद्योगिक आधार के साथ, भारत न केवल अपनी सुरक्षा मांगों को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में है बल्कि वैश्विक हथियार बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए भी तैयार है।

भविष्य के उत्पादन और निर्यात के लिए स्थापित किए गए ऊंचे लक्ष्य दुनिया भर में एक भरोसेमंद रक्षा भागीदार के रूप में देश की स्थिति को मजबूत करने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। भारत जैसे-जैसे उद्योगों में नवाचार और सहयोग करना जारी रखता है, वह वैश्विक रक्षा विनिर्माण में मजबूत खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की राह पर है।

पाकुड़ की खबरें

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाताओं ने ली शपथ

अमड़ापाड़ा(पाकुड़) प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड एवं अंचल कार्यालय परिसर में स्कूली बच्चों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता ने शपथ पत्र पढ़ते हुए सभी को लोकतंत्र की मर्यादा बनाए रखने और निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक परंपराओं की गरिमा को बनाए रखते हुए सभी को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी संदेश दिया कि धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय, भाषा या किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है। इस अवसर पर बीपीआरओ जिल्लूर रहमान, सहायक अभियंता सुनील कुमार, मनरेगा बीपीओ अजय गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में राजीकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय और अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं और कार्यालय कर्मियों ने भी सक्रिय भागीदारी की।

मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में संतोष मुर्मू, महिला वर्ग में बाहा मुनि ने मारी बाजी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। शुक्रवार को राष्ट्रीय मतदाता एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जो सिद्धो कान्हू मुर्मू पार्क स्थित वीआईपी रोड से सोनाजोड़ी एवं पुनः वीआईपी रोड पर आकर समाप्त हुई। उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया। प्रतिभागियों के साथ उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, विकास आयुक्त महेश

कुमार संथालिया, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डीएन आजाद समेत अन्य पदाधिकारी, व गणमान्य लोग भी शामिल हुए।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि इस मैराथन दौड़ के आयोजन का मकसद समाज में एकता व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाना है।जिला प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न खेल संघों एवं सिविल सोसाइटी के सहयोग से मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाता हैऔर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाता है।

टीबी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

पाकुड़। शुक्रवार को चांदपुर मुखिया पूर्णेन्दु दास के अध्यक्षता में पाकुड़ प्रखंड अतंर्गत चांदपुर पंचायत भवन में स्वास्थ विभाग और पिरामल स्वास्थ्य के संयुक्त प्रयास से ञ्जक्र स्वास्थ जांच का आयोजन किया गया । इस स्वास्थ जांच शिविर में मुख्य रूप से काबिलपुर और चांदपुर गाँव के विभिन्न आयु वर्ग के लक्ष्य 130 के अनुरूप 127 ञ्जक्र सम्भावित मरीजों का जांच सामूदायिक स्वास्थ अधिकारी रेशमा तोपनो और हरू पुष्पा कुमारी द्वारा किया गया एवं सामान्य बीमारियों का जांच करते हुए दवाई भी वितरण की गई।मौके पर पहुंचे जिला क्क्क्र समन्वयक सुशांत कुमार दुबे ने शिविर में आए ग्रामीणों को क्षय रोग से बचाव हेतु जागरूक किए एवं क्षय रोग से संबंधित विभिन्न योजनों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। ञ्जक्र मुक्त ग्राम पंचायत की संकल्पना को ध्यान में रखते हुए वरीय स्वास्थ पर्यवेक्षक मिथुन पाल और पिरामल स्वास्थ्य से मो सानिफ अंसारी और मनोज कुमार महतो द्वारा नजदीकी उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदपुर के 98 छात्र छात्राओं एवं स्कूल कर्मचारियों को क्षय रोग के प्रति जागरूक किया गया एवं सम्भावित छात्र छात्राओं को शिविर में ले जाकर जांच भी कराया गया। मौके पर पंचायत अतंर्गत सभी सहिया मौजूद थी।

गणतंत्र दिवस परेड पूर्वाअभ्यास का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण

पाकुड़। 76 वें गणतंत्र दिवस गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुसज्जित कार्यक्रम मानने को लेकर रानी ज्योर्तिमय स्टेडियम में 21 जनवरी से लेकर 24 जनवरी तक परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमें प्रथम परेड कमांडर मेजर खुशीलाल महतो एवं द्वितीय परेड कमांडर सार्जेंट जगन्नाथ सुंडी के नेतृत्व में 10 टोलियां बनाई गई हैं। संबंधित टोलियों में जिला पुलिस बल, गृह रक्षक, एनएनसी एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने परेड का पूर्वाभ्यास किया। शुक्रवार पैरेड के अंतिम रिहर्सल के दिन उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने पैरेड के पूर्वाअभ्यास का निरीक्षण व झंडात्तोलन किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रानी ज्योतिर्मय स्टेडियम में विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर आधारित श्रेष्ठ झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रातः 9-00 बजे ध्वजारोहण होगा।मौके पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, पाकुड़ अंचलाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

झामूमो स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने पर हुई चर्चा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़) ।झामूमो की बैठक शुक्रवार को हिरणपुर स्थित सरकारी मवेशी हाट परिसर में हुई । बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस , दो फरवरी झामूमो स्थापना दिवस व सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे । बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वही दो फरवरी पार्टी की स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने को लेकर गहन रूप से चर्चा व तैयारी की गई। बैठक में पार्टी के जिला संयोजक मंडली प्रमुख अजीजुल इस्लाम ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को विस्तार पूर्वक बताया गया की गणतंत्र दिवस , झामूमो स्थापना दिवस व सदस्यता अभियान को किस तरह सफल बनाना है। इसको लेकर कार्यकर्ताओ को टिप्स दिया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड स्थपना दिवस को केवल सफल नही,बल्कि ऐतिहासिक बनाना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को समारोह में शामिल होना है। अपने -अपने स्तर से सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोग को समारोह में शामिल करने के लिए अपनी जिम्मेदारी को ले। साथ ही कहा कि स्थापना दिवस को लेकर सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी शरू कर दे। जिला अध्यक्ष श्याम यादव व उपाध्यक्ष समद अली ने सदस्यता अभियान को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि कार्यकर्ता के बदौलत ही पार्टी पूरे झारखंड में मजबूती के साथ स्थापित हुआ है। पार्टी की सदस्यता अभियान पूरे निष्ठा के साथ किया जाना है। राज्य के हेमन्त सोरेन की सरकार विकासमूलक व कल्याणकारी योजनाओं को धरातल में लाई है। जिससे आमलोगों को काफी लाभ मिल रहा है।इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी , हबीबुर रहमान,मुसलोदिन अंसारी, निशा शबनम हांसदा गनी मोमिन,रहीम अंसारी , विकास साहा,सुनील टुडू , विकास रविदास आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सरकारी कर्मियों को दिलाई शपथ

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 बीएलओ को शाल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र, 04 बीएलओ पर्यवेक्षक को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो एवं 02 दिव्यांग मतदाता को शाल, गुलाब फूल, डायरी कलम एवं देकर सम्मानित किया। समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने कर्मियों को मतदान करने के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान का काफी महत्व है। वर्ष 2011 से हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी' को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। कहा कि यह दिवस सभी भारत के नागरिकों को अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन लोगों यह बताता है कि हर व्यक्ति के लिए मतदान करना जरूरी है।उन्होंने समाहरणालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मतदान करने के लिए संकल्प दिलाया।

बैंक ऑफ इंडिया में सीआरएम मशीन का हुआ शुभारंभ।

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

अमड़ापाड़ा(पाकुड़) बैंक ऑफ इंडिया शाखा में शुक्रवार को नए सीआरएम(कैश रिसाइकलर मशीन) का शुभारंभ धनबाद अंचल के डिप्टी जोनल मैनेजर दिनेश प्रसाद ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व डीजीएम का स्वागत आदिवासी रीति रिवाज से किया गया। वहीं बैंक ऑफ इंडिया अमड़ापाड़ा के शाखा प्रबंधक पुष्कर गौतम ने बुके देकर डीजीएम का स्वागत किया। इसके बाद शाखा प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 2016 से प्रखंड में बैंक ऑफ इंडिया की शाखा संचालित है। अब तक दस हजार से ज्यादा ग्राहक इस शाखा से जुड़ चुके हैं। नए सीआरएम की शुरुआत होने से ग्राहकों को बेहतर सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। इसके तहत अब ग्राहक सीआरएम मशीन के सहारे सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक नगद राशि जमा और निकासी कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि बीओआई ग्राहकों को चारपहिया लोन 8.85 प्रतिशत पर ऋण उपलब्ध कराती है। वहीं 8.40 प्रतिशत पर होम लोन की भी सुविधा उपलब्ध है। साथ ही व्यावयायिक उपयोग के लिए भी कम प्रतिशत ब्याज दर पर डंपर और होम लोन की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि करंट एकाउंट में दुर्घटना बीमा पर एक करोड़ तक का लाभ बीओआई प्रदान करता है। वहीं अग्नि बीमा के तहत ग्राहकों को पांच लाख रुपए तक की सुविधा देती है। उन्होंने बताया कि लोग किसी भी प्रकार के ऋण एवं अन्य किसी भी तरह की बैंकिंग सुविधा के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा हर प्रकार की सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डीजेडएम दिनेश प्रसाद ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मात्र 436 रुपए प्रति वर्ष जमा करने पर आकस्मिक मृत्यु होने पर दो लाख रुपए की बीमा राशि दी जाती है। वहीं पति के आकस्मिक मृत्यु पर मौके पर ही तनु देवी को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। साथ ही सोलर एनर्जी के लिए आदित्य फ्यूल स्टेशन के संतोष गुप्ता को भी पांच लाख पचास हजार रुपए का ऋण दिया गया। मौके पर रामनाथ भगत, संजय भगत, संतोष गुप्ता, नीरज भगत, विष्णुदेव रजक सहित सैकड़ों ग्राहक एवं बैंककर्मी मौजूद थे।

दुर्गापुर क्रिकेट क्लब ने मर्शिदाबाद क्रिकेट क्लब को 38 रनों से हराया

संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर (पाकुड़) स्थानीय फुटबाल मैदान में आयोजित एच पी एल ट्रॉफी का क्वाटर फ़ाइनल मैच शुक्रवार को दुर्गापुर और मुर्शिदाबाद के बीच खेला गया। जिसमें दुर्गापुर ने मुर्शिदाबाद को 38 रनों से हरा दिया। मैच में देरी होने के कारण 16 ओवर का मैच हुआ। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए। दुर्गापुर की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 176 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। दुर्गापुर की ओर से रोहित महतो ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 56 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुर्शिदाबाद की टीम 16 ओवर में 7 विकेट खो कर 138 रन हि बना पाया । मैच में 56 रन बनाकर रोहित महतो मैन ऑफ द मैच बने। जिन्हें पत्रकार जीतेन्द्र दास के हाथों मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को दो लाख रुपया और उपविजेता टीम को एक लाख रुपया नगद दिया जायेगा। साथ ही सेमीफाइनल में हारने वाले टीम को 10-10 हज़ार करके दिया जायेगा। आयोजन को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष अमिरुल , उपाध्यक्ष कयूम , कबीर , इस्माइल,वसीम , आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सहिया एवं सहिया साथी की हुई क्लस्टर बैठक

नाला । विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत मालडीहा उप स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को सहिया एवं सहिया साथी की क्लस्टर बैठक हुई 7 बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई 7 वहीं एलसीडी राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई7 की बैठक आदि को लेकर चर्चा की गई साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान 30 जनवरी 2025 से 14 फरवरी 2025 तक चलने वाले द्वितीय चक्र कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई और घर-घर जाकर कुष्ठ रोगी यो को चिन्हित करने सहित अन्य जागरूकता अभियान चलाने पर भी चर्चा की गई7 इसके अलावा बैठक में एचबीएनसी, एचबीवाईसी की भी प्रगति समीक्षा की गई। इस अवसर पर सीएचओ हाथी राम सहिया साथी मान कुमारी घोष, सहिया श्रावणी दास, अर्पना घोष, कविता माजी, जंयती पहाड़िया सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

कुम्भ मेला में रेल सुरक्षा बल के जवानों की अहम भूमिका, लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित



चित्तरंजन- प्रयागराज के कुम्भ मेला में लाखों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई है, और इस मेले की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेल सुरक्षा विशेष बल के जवानों ने मोर्चा संभाल रखा है। चित्तरंजन स्थित आरपीएसएफ के आठवें बटालियन के मुख्यालय से सौ से अधिक जवान कुम्भ मेला में सेवा देने के लिए भेजे गए हैं। आरपीएसएफ के आईजी सुमति शांडिल्य ने बताया कि कुम्भ मेला के दौरान करीब छह हजार जवान अपनी ड्यूटी पर तैनात हैं। इन जवानों का प्रमुख कार्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा करना, विशेष रूप से पवित्र स्नान के दौरान किसी भी असुविधा से बचाव करना है। इसके अलावा, वे वृद्ध और बीमार श्रद्धालुओं की मदद भी कर रहे हैं और मेले के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। इन जवानों की सक्रियता और तत्परता कुम्भ मेला के शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिससे लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक अनुभव मिल रहा है।

देवघर साइबर अपराधियों के गिरोह का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार

साइबर अपराधियों के पास से 10 मोबाइल और 15 सिम कार्ड बरामद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। पुलिस उप महानिरीक्षक सह पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार पथरड्डा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंबा नचनियां जंगल में छापेमारी कर 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 10 मोबाइल फोन, 15 सिम कार्ड, और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियां बरामद की गई हैं। पुलिस पूछताछ में साइबर अपराधियों ने कहा कि

व्हाट्सएप लिंक के माध्यम से फर्जी लिंक भेजकर बैंक ग्राहकों के खातों में ऑनलाइन लॉगिन करते और उनसे धनराशि चुरा लेते। फर्जी फोन पे पेटीएम कस्टमर केयर अधिकारी बनकर कैशबैक का झांसा देते, गिफ्ट कार्ड बनवाते और उसे रिडीम कर ठगी करते। गिरफ्तार अभियुक्तों में पथरड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत रांगामटिया गांव निवासी सुनिल दास (20 वर्ष), पिता- कामदेव महरा,रांगामटिया गांव निवासी रोहित दास (26 वर्ष), पिता- गाजु महरा,रांगामटिया गांव के ही आनडियो दास (22 वर्ष), पिता- कामदेव दास,मोहनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्होड़िया गांव निवासी देवानंद कुमार (21 वर्ष), पिता- राजेंद्र यादव,पथरड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत रांगामटिया गांव निवासी गोपाल दास (28 वर्ष), पिता- मोहन दास,बुढई थाना क्षेत्र अंतर्गत झिलुवा गांव निवासी सुनिल मंडल (23 वर्ष), पिता- स्व. सुगदेव मंडल शामिल हैं।

गिरफ्तार अपराधियों के पास से बरामद मोबाइल और सिम कार्डों के संबंध में कई ऑनलाइन शिकायतें दर्ज थीं। प्रतिबिंब पोर्टल पर भी इनके खिलाफ शिकायतें पाई गईं। छापेमारी टीम में साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक कृष्णदत्त झा, पु.अ.नि नागेंद्र प्रसाद सिंह शामिल थे।

विभिन्न प्रखंडो में लगा स्वास्थ्य मेला

देवघर संताल एक्सप्रेस । स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडो में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। इस कड़ी में आज तीसरे दिन सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र करौं, मोहनपुर एवं सोनारायठाड़ी में आयोजन किया गया। इसके अलावा मेला में सभी विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ-साथ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने की भी सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ-साथ कैम्प में आने वाले मरीजों को निःशुल्क जांच के साथ-साथ दवा का भी वितरण किया गया।

अंतर विद्यालय भाषण प्रतियोगिता संपन्न

देवघर संताल एक्सप्रेस । पानी बचाओ जीवन भाव जल संरक्षण सहयोग समिति लिमिटेड के द्वारा चलाए जा रहे अंतर विद्यालय भाषण प्रतियोगिता का पांचवें विद्यालय बलसारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में संपन्न हुआ। इस विद्यालय से कुल 17 छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें शिवानी कुमारी कक्षा नवम प्रीतम कुमार कक्षा सातवीं और अभय कुमार कक्षा नवमी क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय हुए शेष 14 को संतान पुरस्कार दिया गया एक और छात्र प्रिंस कुमार सहित चार प्रतिभागियों को फाइनल के लिए अग्रसारित किया गया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं शिव बिहारी सिंह,विवेका कुमारी, चंदा जजवाडे, खुशबू कुमारी,जय प्रियदर्शी, सुबोध कुमार आदि और समिति के अध्यक्ष नितेश चरण ने छात्रों सहित सबों से जल संरक्षण के प्रति शपथ पूर्वक कार्य करने का आग्रह किया साथ में प्रह्लाद भगत देवेंद्र द्वारी, लक्ष्मी कांत मिश्र ने क?ई सलाह और उत्साहवर्धन किया।मंच संचालन विद्यालय शिक्षक नीरोज दास ने किया। निरंतर चल रहे यह प्रतियोगिता जन औषधि केंद्र भूरभूरा मोड़ के सौजन्य से हो रहा है।

मधुमेह जैसे रोगों के बारे में जागरुक किया गया

देवघर संताल एक्सप्रेस । एन0पी0एन0सी0डी0 अंतर्गत दो दिवसीय एन0सी0डी0 मॉड्यूल प्रशिक्षण का शुभारंभ आई0एम0ए0 हॉल, पुराना सदर अस्पताल परिसर देवघर में किया गया। प्रशिक्षक डॉ विकास कुमार तथा डॉक्टर गुड़ाकेस के द्वारा गैर संचारी रोगों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही साथ एन0सी0डी0 के अंदर आने वाले उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह जैसे घातक रोगों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा गया कि दिन प्रतिदिन बदलती दिनचर्या के कारण मनुष्य उच्च रक्तचाप,मधुमेह एवं हृदय घात जैसे रोगों से ग्रसित हो रहा है। जैसे मैदे का दिनचर्या में वृहद रूप से इस्तेमाल करना, देर से सो कर उठना,व्यायाम न करना, संतुलित आहार न लेना इत्यादि को मुख्य कारण बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों के द्वारा बताया गया की अपनी दिनचर्या को बदलकर नित्य दिन संतुलित आहार लेकर और व्यायाम कर एन0सी0डी0 के रोगों से बचा जा सकता है। संपूर्ण प्रशिक्षण में विशेषज्ञों के द्वारा हेल्दी लाइफ स्टाइल अपनाने का सलाह दिया गया।उक्त प्रशिक्षण में रवि कुमार सिन्हा, एफ0एल0सी,रविचंद्र मुर्मू, डी0पी0ए0,सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी,मृत्युंजय कुमार सिंह, हर्षिकेश,ए0एन0एम0, बिंदु कुमारी, कुमारी रीना सिन्हा एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

भीआईए जांच का दिया गया प्रशिक्षण

देवघर संताल एक्सप्रेस । जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय,देवघर में चल रहे भी0आई0ए0 प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं को डॉक्टर सुरभि एवं डॉक्टर पुष्पा कुमारी के द्वारा डॉक्टर परमजीत कौर की सहायता से सदर अस्पताल के ओपीडी में भीआईए से संबंधित प्रायोगिक जांच का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही साथ डॉक्टर सुरभि एवं डॉक्टर पुष्पा कुमारी के द्वारा ए0एन0एम प्रशिक्षण केंद्र, देवघर में मानव प्रतिरूप के साथ प्रायोगिक जांच का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी,नेहा कुमारी, स्वाति मिंज एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

रितेश की शोक में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

देवघर। 24 जनवरी को जिला बाल संरक्षण इकाई, देवघर,के कार्यालय परिसर में दिवंगत रितेश कुमार के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का नेतृत्व मीरा कुमारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, ने किया। शोक सभा के बाद सुशील कुमार पाण्डेय, महासचिव, झारखंड राज्य अनुबंध कर्मचारी महासंघ, ने कहा कि मृतक के परिजनों को 25 लाख मुआवजा मिले,साथ ही मृतक की पत्नी को अनुकंपा आधारित नौकरी मिले। और उनके बच्चे की उचित परवरिश और सहायता हो। इस अवसर पर महेश सोरेन, सदस्य, केंद्रीय समिति, झारखंड राज्य अनुबंध कर्मचारी महासंघ, और राखी देवी, महासचिव, झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ, ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिवंगत रितेश कुमार के परिजनों के लिए सहायता की मांग दोहराई। मौके पर सुषमा प्रिया,श्वेता कुमारी,आशुतोष झा,फैजान,अमृता कुमारी,नरेंद्र कुमार,रणधीर कुमार,अनिल कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई

कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक भूमिका भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षर में दर्ज : संजय मंडल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । कर्पूरी लोहिया मंच, देवघर द्वारा कर्पूरी चौक पर भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 101वीं जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई एवं उनके आदमकद प्रतिमा लगाने हेतु शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान कर्पूरी लोहिया विचार मंच के संरक्षक संजय मंडल ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की राजनीतिक भूमिका भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षर में दर्ज है। मंच के संचालक समाजसेवी सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ध्रुव प्रसाद साह ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया जननायक कर्पूरी ठाकुर जी सामाजिक आंदोलन के प्रतीक रहे हैं। बिहार एक छोटे से गांव में एक नाई परिवार में जन्मे कर्पूरी जी ने अपने काबिलियत के बल पर बिहार के साथ-साथ पूरे भारत में अपना एक मिसाल कायम किया है,जननायक बनना इतना आसान नहीं था जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने स्वतंत्रता सेनानी, और एक ईमानदार नेता थे ,महिलाओ एवं गरीब स्वर्णों को आरक्षण देने वाले प्रथम मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर थे,वे सामंतवादों का विरोध झेलते हुए सभी जाति के गरीबों के मसीहा के रूप में काम करते रहे ,जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने अनेकों ऐसे जनकल्याणकारी कार्य किया है ,ऐसे ऐसे ठोस निर्णय लिए हैं।

जिस निर्णय लेने में आज के राजनेता कतराते हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर जी एक बार उपमुख्यमंत्री दो बार मुख्यमंत्री और अनेकों बार विधायक के रूप में जनता का सेवा करते रहे और जब वह इस दुनिया को छोड़ चले तो उनके पास अपने परिवार को देने के लिए एक पक्का मकान तक नहीं था ऐसे ही उन्हें गुदड़ी के लाल नहीं कहा जाता समाज के समतलीकरण हेतु अविभाजित बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर कर्पूरी जी की भूमिका अहम है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शहर के प्रबुद्ध चिकित्सा डॉ संजय कुमार ने कहा कि जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी ने पिछड़ों हक के लिए सामाजिक लड़ाई लड़ी और कहा कि उनके पद चिन्हों पर चलना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर फनी भूषण यादव ने स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी के साथ बिताए गए पल से जुड़ी कई बीते को साझा किया।

कार्यक्रम का समापन करते हुए कर्पूरी लोहिया मंच के अध्यक्ष रमनीकांत ठाकुर ने बताया कि कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन संघर्ष मय रहा और उनकी यादों को जीवित रखने के लिए हमारे मंच द्वारा कर्पूरी चौक पर उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस अवसर पर अनिल चंद्रवंशी,राजकुमार ठाकुर, विपिन ठाकुर, बसंत राऊत,रवि राऊत पूर्व पार्षद, भीम ठाकुर, सुनित कुमार गुप्ता, नेताजी सुभाष जागृति मंच के अध्यक्ष उदय चक्रवर्ती, संरक्षक दीपू झा, कृष्ण ठाकुर, समाजसेवी सुनील गुप्ता, सपन शाह झामुम नेता सुरेश शाह, जितेंद्र चौधरी,नीरज ठाकुर आदि मौजूद थे।

चौकीदार नियुक्ति के सफल अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक जांच 29 व 30 जनवरी को

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । जिले में चौकीदार सीधी नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच परीक्षा का आयोजन 29 और 30 जनवरी 2025 को किया जाएगा। यह प्रक्रिया जैप-05 ग्राउंड, (चौपा मोड़) मोहनपुर, जिला देवघर में सुबह 08ः00 बजे से शुरू होगी। जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि 22 दिसंबर 2024 (रविवार) को आयोजित लिखित परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थी इस शारीरिक जांच परीक्षा में शामिल होंगे।

एडमिट कार्ड डाऊनलोड करने का लिंक अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र जिले की आधिकारिक वेबसाइट www.deoghar.nic.in पर उपलब्ध लिंक https://admit-cards.iroams.com/deogh aradmitcards से डाउनलोड कर सकते हैं।

ऑफलाइन प्रवेश पत्र प्राप्त करने का विकल्प

जो अभ्यर्थी ऑनलाइन एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में असमर्थ हैं, वे 27 और 28 जनवरी को जिला सामान्य शाखा, देवघर समाहरणालय से स्वयं आकर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

परीक्षा स्थल पर नियम और निर्देशः प्रवेश की समय सीमाः सुबह 08ः00 बजे से केवल अभ्यर्थियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। साथ ही किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच आदि का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

सर्वजन दवा सेवन महाअभियान का प्रशिक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक चलने वाले सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) महाअभियान के लिए आज प्रथम दिन के पहले बैच के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यशाला का आयोजन सिविल सर्जन डॉ जुगल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में तथा अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पीके शर्मा, जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ अभय कुमार यादव, उपाधीक्षक डॉ प्रभात रंजन की उपस्थिति में सदर अस्पताल के सभागार में किया गया। इस दौरान राज्य मुख्यालय से आए राज्य भीबीडी सलाहकार (प्रशिक्षण) बिनय कुमार, राज्य भीबीडी सलाहकार (प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट) मो सहबाज, जिला भीबीडी सलाहकार डॉ गणेश कुमार यादव,एम्स देवघर से डॉ विजित विश्वास,डब्लूएचओ, एनटीडी के जोनल कोर्डिनेटर डॉ हसीबूर जमीन हक़,पीरामल फाउंडेशन के जिला लीड विजय प्रकाश पाण्डेय तथा सीएफएआर संस्था, पटना के रणविजय कुमार व सहयोगी आदि उपस्थित थे,जिन्होंने बारी-बारी से इस जिला स्तरीय प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से आगामी एमडीए महाअभियान कार्यक्रम को जमीनी स्तर से सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ उन्मूखीकरण -सह- प्रशिक्षण दिया। इस टीओटी सत्र में देवघर जिला के एम्स,एनयूएचएम,एफसीयू तथा सभी आठ सीएचसी से कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी,आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,एसटीटी एवं बीटीटी आदि मिलाकर कुल 65 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। जिन्हें फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन एमडीए महाअभियान के सफल संचालन हेतु प्री एमडीए,ड्यूरींग एमडीए एवं पोस्ट एमडीए कार्यक्रम के संपादित किए जाने वाले विभिन्न गतिविधियों, इनके कार्य एवं दायित्व आदि के बारे में विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से बताया गया। साथ गत वर्ष एमडीए कार्यक्रम के दौरान पाए गए त्रुटियों में आवश्यक सुधार लाने, दवा वितरण पर पूर्णतया रोक लगाने, रिफ्यूजल क्षेत्रों, छुटे हुए क्षेत्रों के साथ माइक्रोफाइनेंस इया सर्वे के तहत रात्रि रक्तपट्ट संग्रह (एनबीएस) वाले सभी गांवों में विशेष ध्यान एवं कंक्रीट पर्यवेक्षण के साथ फाइलेरिया रोधी दवा की एकल खुराक अपने सामने डायरेक्ट ऑब्जरवेशन (डीओटी) माध्यम से खिलाने हेतु सभी दवा प्रशासक के लिए पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण प्रणाली के बारे में बताया गया।

कार्यालय, प्राचार्य फुलो झानो मेडिकल कॉलेज, दुमका

अति अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या – 05/2024–25

फुलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका में Installation, Configration & Commisioning of LAN and Wi-fi Network at Phulo Jhano Medical College , Dumka आवशयक उपकरणों का क्रय तथा अधिष्ठापन के प्रयोजनार्थ एवं आपूर्ति हेतु न्यूनतम दर निर्धारण के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है।

क0	निविदा में निर्धारित तिथि
1	निविदा की अंतिम तिथि :– 06.02.2025 समय :– अपराह्न 11:00 बजे तक
2	निविदा खोलने की तिथि :– 06.02.2025 समय :– अपराह्न 01:00 बजे स्थान :– सभागार, Phulo Jhano Medical College , Dumka

निविदा का प्रारूप एवं अन्य शर्तें http://dumkamedicalcollege.org/ पर देखी जा सकती है।

प्राचार्य
फुलो झानो मेडिकल कॉलेज,दुमका

PR 344982 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

साहेबगंज समाहरणालय
जिला भू-अर्जन शाखा, साहेबगंज, समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

एल0ए0 संख्या–12/2024–25/80/भू0अ0, साहेबगंज दिनांक–16.01.2025

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, साहेबगंज को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–कारी, थाना सं0–19, अंचल–पतना, जिला–साहेबगंज** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **रिंग रोड (बरहरवा एन0एच0–80 से केशरो) बरहेट–बरहरवा मोड़ भाया कुम्हरिया–बुढी– पहाड़ अम्बेरी–पहाड़ चपाण्डे पथ एवं बरमसिया से बिन्दुवासिनी मंदिर तक लिंक पथ** परियोजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1)(ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम–कारी, थाना सं0–19, अंचल–पतना, जिला–साहेबगंज** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.031 एकड़ मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नालिखित है, अर्जनाधीन है।

क्रम सं0	खाता संख्या	सर्वे भूखण्ड संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखण्ड संख्या) उ0	द0	पू0	प0
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	11	47	रैयती	बाडी दोयम	0.031	शुरजा पहाडिया पे0–बीमा पहाडिया	44	सिवाना	46	45
				कुल–	0.031					

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या–30/2013) की धारा–11(1) के उपबन्धों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, साहेबगंज के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, साहेबगंज और उनके कर्मचारियों ..... को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, साहेबगंज के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, साहेबगंज

PR 344985 District(24-25)#D

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, दुमका

।। आम सूचना ।।

वित्तीय वर्षः– 2024–25 में दो चरण में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन निर्गत स्वीकृत्यादेश–15/रा0 (वि0) दिनांक– 01.07.2024 के आलोक में निदेशक, पशुपालन, झारखण्ड, राँची के आदेश ज्ञापांक– 22/आ0, दिनांक– 11.07.2024 एवं पत्रांक– 1668 नि0 दिनांक– 23.12.2024 द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत जिलान्तर्गत सभी प्रंखडो के 206 पंचायतों में द्वितीय चरण में चिन्हित किये गये निम्नांकित ग्राम/पंचायतों में तिथिवार विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–

क्रमांक	प्रखण्ड	पंचायत का नाम	शिविर स्थल	शिविर की तिथि	पशु चिकित्सा पदाधिकारी का नाम	मो0 नं0
1	रानेश्वर	सादीपुर	खुशदिल पुर	25.01.2025 एवं 27.01.2025	डॉ0 माईकल सोरेन	9661468473
2		बाँसकुली	छोटाहरखी	28.01.2025 से 29.01.2025	डॉ0 माईकल सोरेन	9661468473
3		वृन्दाबनी	टोंगरा	30.01.2025 से 31.01.2025	डॉ0 माईकल सोरेन	9661468473
4	रामगढ़	बड़ीरणबहियार	धनोर	25.01.2025 एवं 27.01.2025	डॉ0 देव प्रसाद	8002389628
5		छोटीरणबहियार	लौढीया	28.01.2025 से 29.01.2025	डॉ0 देव प्रसाद	8002389628
6		काँजो	सिमरा	30.01.2025 से 31.01.2025	डॉ0 देव प्रसाद	8002389628
7		लखनपुर	दोलगोपहाड़ी	25.01.2025 एवं 27.01.2025	डॉ0 सुजीत कुमार	9304192798
8		कारूडीह	डेलीपाथर	28.01.2025 से 29.01.2025	डॉ0 सुजीत कुमार	9304192798
9		डाँड़ो	कुशबेदिया	30.01.2025 से 31.01.2025	डॉ0 सुजीत कुमार	9304192798
10		ढाड़ीहाट	कमरबन्धा	30.01.2025 से 31.01.2025	डॉ0 विघ्याभुषण	8789407168
11	सरैयाहाट	बनियारा	भौडीया	25.01.2025 एवं 27.01.2025	डॉ0 शंकर टुडू	7903792805
12		बढैत	चिहुँटिया	28.01.2025 से 29.01.2025	डॉ0 शंकर टुडू	7903792805
13		कुसियारी	जियाजोर	30.01.2025 से 31.01.2025	डॉ0 शंकर टुडू	7903792805
14		सापचला	पथराबाद	25.01.2025 एवं 27.01.2025	डॉ0 अवलेश कु. विघ्यार्थी	9431902307
15	मसलिया	सुग्गापहाड़ी	धकड़जोडा	28.01.2025 से 29.01.2025	डॉ0 अवलेश कु. विघ्यार्थी	9431902307
16		कोलारकोंदा	सुपायडीह	30.01.2025 से 31.01.2025	डॉ0 अवलेश कु. विघ्यार्थी	9431902307
17		ढ़ाका	दुधानी	25.01.2025 एवं 27.01.2025	डॉ0 बालमुकुन्द कुमार	9835345694
18	शिकारी	शिवतल्ला	केशरगढ़	28.01.2025 से 29.01.2025	डॉ0 बालमुकुन्द कुमार	9835345694
19	पाड़ा	खड़ुकदमा	प्रतापपुर	30.01.2025 से 31.01.2025	डॉ0 बालमुकुन्द कुमार	9835345694

नोटः– विशेष परिस्थिति में उक्त अंकित शिविर की तिथि में परिर्वतन किया जा सकता है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी दुमका

PR 344998 Animal Husbandry(24-25)

साहेबगंज समाहरणालय
जिला भू–अर्जन शाखा, साहेबगंज समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
{अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन}

एल0ए0 संख्या–11/2024–25/79/भू0अ0, साहेबगंज दिनांक–16.01.2025

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, साहेबगंज को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–केसरो, थाना सं0–48, अंचल–पतना, जिला–साहेबगंज में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना रिंग रोड (बरहरवा एन0एच0–80 से केशरो) बरहेट–बरहरवा मोड़ भाया कुम्हरिया–बुढी– पहाड़ अम्बेरी–पहाड़ चपाण्डे पथ एवं बरमसिया से बिन्दुधाम मंदिर तक पथ परियोजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1)(ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–केसरो, थाना सं0–48, अंचल–पतना, जिला–साहेबगंज में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–1.230 एकड़ मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नालिखित है, अर्जनाधीन है।

क्रम सं0	खाता संख्या	सर्वे भूखण्ड संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखण्ड संख्या) उ0	द0	पू0	प0
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	5	277	रैयती	धानी	0.001	रैया किस्कु पे0–मुरली किस्कु वगैरह	117	276	270	278
2.	7	179	रैयती	बाडी	0.149	गोपाल सोरेन पे0–झादे सोरेन	138	188	178	सिवाना
3.	7	196	रैयती	बाडी	0.144	तथैव।	सिवाना	200	191	197
4.	8	279	रैयती	बाडी	0.004	गोरे हॉसदा पे0–पति सुराई सोरेन वगैरह	117	280	276	225
5.	11	304	रैयती	बाडी	0.001	जीतु मुर्मू पे0–कान्हू मुर्मू वगैरह	312	117	205	316
6.	14	218	रैयती	बाडी	0.001	टुरा टुडू पे0–दुर्गा टुडू	217	225	218	220
7.	14	219	रैयती	धानी	0.016	तथैव।	220	225	218	220
8.	14	220	रैयती	धानी	0.015	तथैव।	221	225	218	222
9.	14	222	रैयती	धानी	0.197	तथैव।	211	225	220	223
10.	16	197	रैयती	बाडी	0.085	पिथो सोरेन पे0–कुन्दन सोरेन वगैरह	196	198	200	सिवाना
11.	16	198	रैयती	बाडी	0.016	तथैव।	197	200	200	199
12.	17	207	रैयती	धानी	0.217	दीवो मुर्मू पे0–लालू मुर्मू	208	223	210	205
13.	18	137	रैयती	धानी	0.139	छोटा निमु सोरेन पे0–नारायण सोरेन	सिवाना	सिवाना	136	सिवाना
14.	24	194	रैयती	धानी	0.016	बुका मुर्मू पे0–रउउा मुर्मू	188	सिवाना	193	सिवाना
15.	24	230	रैयती	धानी	0.024	तथैव।	225	232	231	229
16.	28	2	रैयती	धानी	0.019	भीमा हॉसदा पे0–कारन हॉसदा दीगर	1	3	1	सिवाना
17.	29	206	रैयती	धानी	0.125	मझन हॉसदा पति–रामराम मरांडी वगैरह	200	223	207	205
18.	29	210	रैयती	धानी	0.040	तथैव।	208	223	212	207
19.	37	136	रैयती	धानी	0.020	कपरा हॉसदा पति–डुहु हॉसदा वगैरह	134	138	140	137
20.	38	286	रैयती	बाडी	0.001	जेराम मरान्डी पे0–नाम मरान्डी वगैरह	117	225	285	287
				कुल–	1.230					

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या–30/2013) की धारा–11(1) के उपबन्धों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, साहेबगंज के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, साहेबगंज और उनके कर्मचारियों ..... को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय

युवा सैनिक संघ ने नेताजी जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता नाला (जामताड़ा) गुरुवार देर रात को नाला इंटर कॉलेज परिसर में युवा संघ सैनिक द्वारा आयोजित पारितोषिक वितरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था7 मालूम हो कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के कर कमल द्वारा पुरस्कृत किया गया वहीं कोलकाता के सारेगामा सुपरस्टार रामकृष्ण घोष म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई वही सोमा दास सहित अन्य कलाकारों के द्वारा समां बांधा गया रात भर श्रोताओं को कलाकारों ने अपने बेहतरीन कला से मंत्र मुक्त कर दिया7 इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों के द्वारा नेताजी की जीवनी पर भी प्रकाश डाला गया और युवा सैनिक संघ द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की7 कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा, पूर्व नगर अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी ,बीस सूत्री सदस्य जय धन हांसदा, नाला पंचायत के मुखिया अजित मुर्मू ,गिरधारी ठाकुर, विश्वनाथ दास, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य उपाध्यक्ष वाल्मीकि कुमार महासचिव हरी प्रसाद राम, संगठन मंत्री द्वारिका राम, संयुक्त सचिव अमरनाथ दास, राजेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राकेश कांत रोशन, संजय प्रसाद सिंह, विजय कुमार, रंजीत कुमार ,विद्यासागर, अजय कुमार सिंह, महेंद्र प्रसाद चौधरी, उदय नारायण प्रसाद ,राजीव कुमार, सुधीर कुमार ,वासुदेव यादव ,अर्जुन गोरांई, अधिवक्ता बिजन राय मुख्य रूप से मौजूद थे वहीं इस भव्य कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर युवा सैनिक संघ के संरक्षक महेश्वर घोष, सलाहकार संजीव कुमार ठाकुर,अध्यक्ष कमल पैतंडी, उपाध्यक्ष त्रिभुवन मिश्रा, महासचिव राजू दास, संयुक्त सचिव कुन्दन सिंह, कोषाध्यक्ष सागर बर्मन, सह कोषाध्यक्ष तापस भंडारी, ,कांचन दास,अनुप दास,गोपी दास,निर्मल सोरेन आदि सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

ब्रैकेटिंग की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, पुलिस ने लगाई ब्रैकेटिंग

गोड्डा । जिले के ललमटिया थाना क्षेत्र स्थित बाबूपुर में अहले सुबह ग्रामीणों ने ब्रैकेटिंग लगाने की मांग को लेकर ललमटिया - बोआरीजोर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जहां दोनों तरफ से बड़ी और छोटी वाहनों की लंबी कतारें लग गई। एक माह पहले ग्रामीणों ने सड़क पर ब्रैकेटिंग लगाने का मांग किया था। लेकिन सड़क पर ब्रैकेटिंग अब तक नहीं लगी। इसी कारण ग्रामीणों ने आज ललमटिया से प्रखंड कार्यालय तक जाने वाली मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सोनाराम मरांडी ने बताया की जब मुख्य मार्ग में सड़क बनाया जा रहा था तभी हमलोगों ने सड़क बनाने वाली कंपनी को कहा था की ग्रामीण इलाके होने के कारण यहां ब्रेकर लगाना जरूरी है। इसके अलावे प्रखंड के विकास पदाधिकारी को भी इस मामले का संज्ञान दिया गया था। लेकिन ब्रैकेटिंग अब तक यहां नहीं लगाया गया। वही ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क में कई बार सड़क दुर्घटना हुआ है जिसमें कई लोगों की जान चुकी है। इसके बावजूद अधिकारी पदाधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे है। ग्रामीणों ने कहा की जब तक ब्रैकेटिंग का मांग पूरा नहीं होता है। तब तक हमलोग सड़क को जाम रखेंगे। हालांकि जब इस मामले की सूचना ललमटिया पुलिस को मिली तो मौके पर ललमटिया थाना प्रभारी मुकेश कुमार राऊत पहुंचकर 2 ब्रैकेटिंग उपलब्ध कराया। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा जाम को हटाया गया।

मिहिजाम में आयोजित हुआ भव्य गायत्री महायज्ञ, श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

मिहिजाम- मिहिजाम के कुर्मीपाड़ा पाईप लाइन स्थित आयोजन स्थल पर शुक्रवार को 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के पहले भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में मिहिजाम की महिलाओं ने श्रद्धा और उल्लास के साथ गायत्री माता के जयघोष के साथ यात्रा की शुरुआत की। गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। यात्रा में सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने विभिन्न मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल तक पहुंचकर पुण्य लाभ लिया। महिलाओं ने इस यात्रा के दौरान गायत्री माता की पूजा अर्चना की और उनके आशीर्वाद के लिए प्रार्थना की। आयोजकों ने बताया कि गायत्री महायज्ञ का उद्देश्य मानव कल्याण और शांति को बढ़ावा देना है, साथ ही इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को गायत्री माता की महिमा से परिचित होने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ सके।कलश यात्रा के बाद आयोजित गायत्री महायज्ञ में हजारों भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर गायत्री माता की पूजा की गई और उनके आशीर्वाद के लिए प्रार्थना की गई। आयोजकों का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में शांति और सौहार्द का संदेश फैलता है।

समाज कल्याण समिति द्वारा प्रश्न मंच एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

जामताड़ा । समाज कल्याण समिति, जामताड़ा के द्वारा गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर हर वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है रहा है। इस मौके पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक सह-अधिविध कार्यक्रम की तैयारियों के तहत शुक्रवार को समिति के कार्यालय परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए अलग अलग वर्गों का प्रश्न मंच प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में जामताड़ा जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी ज्ञान व बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया, वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कला प्रतिभा का परिचय दिया। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर समाज कल्याण समिति के परिसर में आयोजित सांस्कृतिक सह-अधिविध कार्यक्रम के दौरान अलग अलग वर्गों में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालेछात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न (मोमेंटो) देकर सम्मानित किया जाएगा। समिति अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर समाज कल्याण समिती ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करके न केवल बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देते हैं, बल्कि उनमें देशभक्ति और सामाजिक चेतना भी जगाते हैं। उन्होंने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समाज कल्याण समिति के सदस्यों और शिक्षकों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

स्वास्थ्य मेला का स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने किया शुभारंभ

जामताड़ा । शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से पुराना सदर अस्पताल परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। स्वास्थ्य मेला का विधिवत शुभारंभ स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले तथा आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय, सिविल सर्जन डॉ आनंद मोहन सोरेन सहित अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वास्थ्य मेला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श हेतु विभिन्न स्टॉल लगाकर मेडिकल टीम एवं चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया गया। मंत्री इरफान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने का मकसद, लोगों को मुफ्त में स्वास्थ्य जांच कराना और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देना है। यहां पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्टॉल लगाया है, लोग इसका लाभ ले रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से बेहतर सुविधाएं प्रदान करने और जनता को जागरूक करने का अपील किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को आमजनों को बेहतर इलाज प्रदान करने साथ ही मरीजों और उनके परिजनों से मधुर व्यवहार करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने लोगों से स्वास्थ्य मेला का बढ़चढ़ कर लाभ उठाने का अपील किया। स्वास्थ्य मेला में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाया एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ आनंद मोहन सोरेन, डॉ आलोक विश्वकर्मा, डॉ निलेश कुमार, डब्लूएचओ के डॉ अमित तिवारी के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस को लेकर डिग्री कॉलेज में बैठक सम्पन्न

महागमा प्रतिनिधि गोड्डा/ डिग्री कॉलेज महागामा में प्रिंसिपल डॉ. राहुल कुमार संतोष के अध्यक्षता में महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गयी। इस बैठक में गणतंत्र दिवस पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं क्विज, पेंटिंग, निबंध लेखन, स्पीच, संगीत आदि के सफल संचालन पर विचार विमर्श किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता को कॉलेज प्राचार्य के द्वारा बच्चों को सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। इस संबंध में विस्तार से बताया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सभी विभागों को अलग अलग दायित्व दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष डॉ संदीप कुमार मंडल, इतिहास, डॉ नवलेश राम, समाजशास्त्र, डॉ सोमनाथ रॉय, फिजिक्स, प्रो प्रशांत सिंह, डॉ वीरेन्दर और डॉ अजय तिर्की, डॉ मनोज टुडू, संथाली, शशिकांत वर्मा, एवं प्रो रामसुंदर दास और प्रो अमृत होरो कॉमर्स उपस्थित रहे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान में 50 नए सदस्य बने

मिहिजाम। झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान शहरडाल चौक पर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के नेता अली हुसैन ने की। इस कार्यक्रम में कुल 50 नए सदस्य पार्टी से जुड़े, जिससे झामुमो का जनाधार और मजबूत हुआ। बैठक में सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पार्टी के नेताओं ने बताया कि इन योजनाओं से राज्य के नागरिकों को कई लाभ हो रहे हैं, और झामुमो हमेशा से ही जनता की भलाई के लिए काम करता आया है। अली हुसैन ने इस अवसर पर पार्टी की नीतियों पर भी प्रकाश डाला और लोगों से आग्रह किया कि वे झामुमो के साथ मिलकर राज्य की समृद्धि में योगदान दें। बैठक में प्रमुख कार्यकर्ता महेन्द्र हुडू, भारतेन्द्र मुर्मू, इम्तियाज खान, रेनू मुर्मू, हेमलाल मुर्मू, नेहरू सोरेन और करामत अन्सारी भी उपस्थित थे। इन सभी ने झामुमो की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पार्टी के उद्देश्य को साझा किया। झामुमो द्वारा राज्यभर में चलाए जा रहे इस सदस्यता अभियान से पार्टी की लोकप्रियता में निरंतर वृद्धि हो रही है। इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, जो राज्य की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित हैं।

कपड़े की दुकान में लगी आग से लाखों का नुकसान

महागामा । प्रखंड क्षेत्र के रामकोल पंचायत के खुर्द डुमरिया गांव में बीती रात एक कपडे की दुकान में आग लग गई जिसमें दुकान में रखा सारा कपड़ा और सामान जलकर राख हो गया। वहीं घटना गुरुवार की देर रात की बताई जा रही है। हालांकि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं कपड़ा दुकानदार जमालुद्दीन ने बताया कि हर रोज की तरह रात करीब 9 बजे वे दुकान को बंद कर अपने घर चले गए। वहीं दुकान के अंदर से धीरे धीरे धुंआ निकल रहा था, जिसके बाद आसपास के लोगों को आग लगने का पता चला। वहीं ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दुकानदार को दी, लगभग 4 बजे सुबह दुकान के अंदर से धुआं निकल रहा था। जब दुकान खोला तो देखा कि दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था, तब स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा आग को बुझाया गया लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया था। वहीं दुकानदार जमालुद्दीन ने बताया कि पूरा परिवार दुकान पर ही आश्रित था। इस आगजनी में करीब 5 लाख का सामान जलकर खाक हो गया।

मिहिजाम में गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

मिहिजाम। मिहिजाम हांसीपहाड़ी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 51 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सलाह और जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ. विशाल कुमार दशौंदी, एएनएम बिना कुमारी, पुष्पा कुमारी, सोना मुनि किस्कू, साहेब लाल, सतीश कुमार साव, अनीता मरांडी और राजा अंसारी सहित कई अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। डॉ. विशाल कुमार दशौंदी ने गर्भवती महिलाओं को उनकी सेहत का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी और गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता की अहमियत पर जोर दिया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार के शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि मिहिजाम के सभी मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं और जानकारी मिल सके। इस आयोजन से समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और महिलाएं बेहतर देखभाल प्राप्त कर सकेंगी।

गणतंत्र कप कैरम 28 से इंडोर में

गोड्डा । जिला प्रशासन के तत्वावधान में गणतंत्र सप्ताह क्रीड़ा समारोह के तहत कैरम प्रतियोगिता का आयोजन 28 जनवरी से स्थानीय गांधी मैदान अवस्थित इंडोर स्टेडियम में होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्य सह प्रतियोगिता के संयोजक सुरजीत झा ने बताया कि सीनियर एवं जूनियर ग्रुप के मेल एवं फीमेल प्रतिभागियों के लिए आयोजित उक्त प्रतियोगिता में 16 वर्ष तक की उम्र वाले बालक एवं बालिका प्रतिभागियों के लिए तथा 16 से अधिक उम्र के पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए एकल स्पर्धा रहेगा वहीं युगल स्पर्धा में उम्र की कोई सीमा नहीं होगी, वह ओपन होगा। एकल स्पर्धा के लिए इंट्री फी 20 रुपए जबकि युगल स्पर्धा के लिए 30 रुपए निर्धारित किए गए हैं। श्री झा ने बताया कि शिवेंद्र झा प्रतियोगिता के सह संयोजक जबकि मनीष कुमार सिंह चीफ रेफरी होंगे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरमा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

मेहरमा संवाददाता - स्वास्थ्य परिवार एवं कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरमा में किया गया।जिसका उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर प्रखंड प्रमुख कंचन कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार, थाना प्रभारी जुगनू माथा,बीस सूत्री अध्यक्ष शशांक शेखर सिन्हा, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र शेखर आजाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विवेक कुमार सिन्हा आदि गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं इस प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला के बारे में प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरमा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विवेक कुमार सिन्हा ने बताया कि सामान्य चिकित्सा,बाल स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य व परिवार नियोजन सभी के चिकित्सकों द्वारा मरीजों को सलाह एवं उनका उपचार किया जा रहा है।मरीज को सारी सुविधाएं प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में प्रदान की जा रही है। इसमें सभी विभागों के चिकित्सक अपने स्तर से उनकी नि- शुल्क सहायता कर रहे हैं।इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरमा के सभी चिकित्सक, कर्मी व एएनएम सहित स्वास्थ्य केंद्र के कार्यरत कर्मी मौजूद थे।

रायना प्ले एंड पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

गोड्डा । जिला मुख्यालय में स्थित रायना प्ले एंड पब्लिक स्कूल का 16 वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी वाघ पवन शालिग्राम, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ उरांव, कार्यपालक दंडाधिकारी अभय कुमार झा तथा स्कूल की प्रिंसपल रूबी आजाद ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र छात्राओं तानिया, फातिमा, गुमान, निशात, आनंद, पुनीत, सुफियान, रयान, शिवम, सृष्टि, दिव्यांश, आलिया, नतीफा, प्रियदर्शी, अभी राज, ईशानवी, इत्यादि ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यकर्मों की प्रस्तुति दी। विद्यालय के वार्षिक खेलकूद के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्राइज अतिथियों द्वारा द्वारा प्रदान किया गया। वहीं बैडमिंटन में लक्ष्य राज प्रथम और निशात ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दौड़ में आनंद राज प्रथम नंदिनी राज द्वितीय तथा रयान तृतीय स्थान पर रहे। सागर इसमें गतिक प्रथम विभु द्वितीय और गौरव तृतीय हुए जबकि जिलेबी रेस में पीयूष प्रथम अर्णव द्वितीय तथा तृतीय हुए।

वहीं अपने आशीर्वाद के रूप में मुख्य अतिथि शालिग्राम साहब ने कहा कि इतने अच्छे प्रोग्राम देख कर मुझे अपने स्कूल के दिन याद आ गए। बच्ची मिट्टी के गोले होते हैं इन्हें जितना अच्छा बनाइएगा वह उठने अच्छे बनेंगे। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी प्रोग्राम आवश्यक है। इन्होंने बच्चों से कहा कि आप ऐसे बनो की आपकी मां बाप आप पर गर्व कर सके। इन्होंने छात्र छात्राओं के स्वस्थ खुशी शांति एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एसडीओ साहब ने कहा कि राणा प्लेन पब्लिक स्कूल परिवार बच्चों को एक कुमार की तरह संवार रहे हैं। इन्होंने छात्र छात्राओं एवं स्कूल परिवार को शुभकामनाएं दी। वहीं अंत में प्रिंसिपल रूबी आजाद नतीजों के प्रति आभार व्यक्त की तथा धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में टीचर अफसाना, संजना, तबस्सुम, अर्श, अजीला इत्यादि ने कड़ी मेहनत की। इस अवसर पर एजीपी अजीत कुमार सहाय, सय्यद इकरार उल हसन, इरशाद आलम, सुनील मित्रा, अनंत कुमार दुबे, आलम गीर, मोतीलाल ठाकुर, इबरार, विजय, अंबर, राजीव रंजन चौधरी, अशोक यादव, मुस्ताक खान इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस परेड पूर्वाभ्यास का डीसी एवं एसपी ने किया निरीक्षण

गोड्डा । जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर एवं पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी संयुक्त रूप से स्थानीय गांधी मैदान पहुंचे। वहीं उन्होंने संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल सह परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त के द्वारा पुलिस जवानों एवं विभिन्न स्कूलों के द्वारा की तैयारियां, परेड के दौरान शारिरिक दूरी का शत-प्रतिशत अनुपालन, मैदान की साफ सफाई का अंतिम रुप देने, मंच सजावट एवं रंगरोगन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं उपायुक्त के द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई कि भारत की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए संकल्प लेकर राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर शांतिपूर्ण तरिके से गणतंत्र दिवस मनाएं।पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के द्वारा बताया गया कि सभी पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मी पूरी संयमित होकर गणतंत्र दिवस में भाग लें एवं जो भी कमियां रह गई है उसे यथाशीघ्र दूर कर लिए जाए। पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए गए कि स्वच्छ ड्रेस में गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित हो।कार्यक्रम में आईआरबी के जवानों की टुकड़ी सहित महिला/पुरूष पुलिस जवान, गृह रक्षा वाहिनी एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया जिसका क्रमवार निरीक्षण किया गया।ज्ञात हो कि गणतंत्र दिवस की तैयारियों के तहत् परेड का पूर्वाभ्यास दिनांक 18 जनवरी से किया जा रहा था, जिसके तहत आज अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। विदित हो कि मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, मंत्री दीपिका पांडे सिंह द्वारा 9:05 मिनट पर झंडोतोलन किया जाएगा। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, जिला भू -अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता श्रवण राम, उप निर्वाचन पदाधिकारी पंकज कुमार, विधिशाखा पदाधिकारी सह जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी अभय कुमार, सर्जेंट मेजर अन्य पुलिस कर्मी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

पुलिस निरीक्षक विद्यालय के बच्चों से मिले, सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

गोड्डा । सदर प्रभाग के पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक शुक्रवार को सौरपचीसा गाँव में एक घटना स्थल को देखने पहुँचे थे। इस दौरान वे सौरपचीसा के प्राथमिक विद्यालय पहुंचे और बच्चों को शिक्षा देते नजर आए। श्री मोदक पुलिस बल के साथ प्राथमिक विद्यालय पहुँचे जहाँ इनके साथ आए दल बल को देखकर बच्चे डरे सहमे नजर आए। फिर बच्चों को यह पता चला कि बच्चों के बीच पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक बच्चों को पढ़ाने व अभिभावकों को अपने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने के लिए आए हैं तो बच्चे खुश हो गए। मोदक ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप देश के भविष्य हैं, मन लगाकर पढ़ाई कीजिए और आप अच्छे नागरिक बनिए। आप पढ़ कर डॉक्टर बनिये, शिक्षक बनिये, पुलिस बनिये तथा अपने माता- पिता, गुरु, गांव समाज और देश का नाम रोशन करें। उन्होने उपस्थित अभिभावकों से कहा कि आप अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जरूर भेजिए क्योंकि वह माता-पिता अपने बच्चों के शत्रु के समान है जो बच्चों को विद्यालय नहीं भेजते हैं या बच्चों को नहीं पढ़ाते हैं। बताते चलें कि गोड्डा में पदस्थापित होने के बाद से ही शिक्षा के प्रति इनका लगाव हमेशा रहा है। यही कारण है कि पिछले कुछ महिनो से प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को अपना कीमती समय देकर शिक्षा देते हैं। इस दौरान पुलिस निरीक्षक ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया और ट्रैफिक नियम की जानकारी दी। वहीं श्री मोदक ने कहा कि समय निकाल कर सप्ताह में कम से कम एक दिन किसी भी विद्यालय में जाकर बच्चों की कक्षा में बच्चों से मिलूंगा और बच्चों को सहयोग करने का प्रयास करूंगा।

बीईईओ ने बच्चों को योगाभ्यास के महत्व की दी जानकारी

कुंडहित (जामताड़ा) - शुक्रवार को कुंडहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बीडीओ मिलन घोष ने स्कूली बच्चों को योगाभ्यास का दिया जानकारी। इस दौरान उन्होंने बच्चों को योगा करने की फायदा तथा उसके महत्व के बारे में विस्तार जानकारी दिया उन्होंने बच्चों को प्राणायाम,वृक्षासन, पादासन, ताड़ासन, भद्रासन, आदि योगा पर बिस्तार पूर्वक जानकारी दिया । उन्होंने बताया योगासन से मानव शरीर की विभिन्न अंग तथा रक्त कणिकाओं संचालन होता है ।जिससे मानव रोग मुक्त होकर स्वस्थ जीवन जीते हैं। योगा करने वाले लोगों निरोग देखा जाते हैं । उन्हें बच्चों को मानसिक पीड़ा तथा निरोग रहने के लिए विभिन्न टिप्सों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया पढ़ाई करते समय बहुत से बच्चे को देखा जाता है मानसिक पीड़ा होती है।उन्होंने उन सारे बच्चों को योगाभ्यास करने की जानकारी दी तथा कहा नियमित योगासन करने से मानसिक पीड़ा दूर होती है। वही पतंजलि योग गुरु रंजन माजि ने बच्चों को योगाभ्यास की विभिन्न जानकारी दिया।

छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ें तथा मृतक मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाएं

कुंडहित (जामताड़ा) । शुक्रवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में आगामी 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर अंचलाधिकारी सीताराम महतो बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में सीओ सीताराम महतो उपस्थित बीएलओ को जानकारी देते हुए कहा 25 जनवरी 2025 प्रखंड के सभी मतदाता केंद्र में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मानना है । राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान केंद्र में मतदाताओं के बीच शपथ कार्यक्रम भी किया जाना है। वही नए मतदाताओं का नाम जोड़ने त्रुटि मतदाताओं का नाम सुधार करने तथा मृत्यु एंव स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाने हेतु फर्म भरने की जानकारी दी। बैठक के उपरांत सभी बीएलओ को बैनर पोस्टर एवं शपथ पत्र वितरण किया गया मौके पर उक्त अधिकारी के अलावे चंचल दास, उमाशंकर सहित अधिकांश बीएलओ उपस्थित थे।

विद्युत चोरी मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

मिहिजाम। मिहिजाम थाना क्षेत्र में विद्युत ऊर्जा चोरी के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता रफीक आलम, जो जामताड़ा ग्रामीण में कनीय विद्युत अभियंता हैं, ने आरोप लगाया कि बब्लु मंडल, संजीब कुमार मंडल, नोनी गोपाल दास और दिनेश दास ने अवैध रूप से विद्युत चोरी की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। 13 मीटर पीवीसी वायर भी जप्त किया गया है। यह कार्रवाई विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

ओलचिकी लिपि एसकेएमयू माहासोय होतेते बिरोधकेत् रे पारसी आरीचाली माराडबुरु आखड़ा दोय बिरोध केदा

मेन केदाय - ओलचिकी बिरोध काते माहासोय दोको राजनीतियेत् काना

खोबोरिया

दुमका। एसकेएमयू रेन माहासोय होतेते संताल आदिवासीकोवाक् ओलचिकी हारोप बिरोधकेत् रे संताल परगना महाविद्यालय रेयाक्छाटका रे आरीचाली माराडबुरू आखड़ा रेयाक् बैनर सालाक् तेपाठवाको आर सोमाज सुसारियाको दुपुडुप् एना आर माहासोयउपार रे बिरोधको सादोर केदा। बाडाय काथा काना जे झारखंडकेंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची रे 20-21 जनवरी हिलोक् ''आथर वर्कशापऑन एकेडमिक राइटिंग टू डेवलप टैक्स बुक फॉर हायर एजुकेशन इन भारतीय लैंग्वेज संताली'' उपार रे कामीहोरा दोहो लेना। नोआ रे एसकेएमयू रेन संताली विभाग रेन विभागाध्यक्ष डॉ सुशील टुडू, डॉ शर्मिला सोरेन, निर्मल मुर्मू, डॉ अंजुला मुर्मू, डॉ स्वपन मुर्मू, मनोज मुर्मू, सुमित्रा हेमब्रम एमान दो ओलचिकी हारोपको बिरोध केदा आर चेतावनीको एम एना जे जुदि ओलचिकी हारोप जोरको एमावाक्आ एन्डेखानको आंदोलना। नोआ बाबोत रे पाठवाको, सोमाज सुसारिया आर आखड़ा दो आडी उसात् आर रांगाव रे मेनाया। अखड़ा दोय

मेनेत् काना जे नोको जोतो माहासोय गे ओलचिकी हारोप बिरोध काते आसोल डाहार खोनको घांजेड़ोक् काना। अखड़ा दोय मेनेत् काना जे जुदि जाहां भाषा रेयाक् लिपि बानुक्आ ओना भाषा दो तिस हों बाड लाहान्ती दाड़ेयाक्आ। संताली भाषा दो देवनागरी, रोमन, ओड़िया, बंगाली, असमिया आर से भारत रेयाक् आडीगान लिपिको ते ओल दाड़ेयाक् काना, मेनखान ओना दो एटाक् पारसी रेयाक् हारोप रे टेहाड आकान ताहेंन काना। पाठवाको आर आखड़ा दोय मेनेत् काना जे गोटा दुनिया रे पारसी रखी जोगाव आर लाहान्तीयरेयाक् कामी होयोक् काना एन्डेखान ओलचिकी लिपि लागित् दोचेदाक् बाड? आखड़ा आर पाठवाको दोको मेनेत् काना जे नोआ बाबोत रे माहासोय दोको राजनीतियेत् काना। आखड़ा दो लाहा सेच्ए मेनकेदा जे नोको माहासोय दो आदिवासीकोवाक् आरीचाली, सोसनोक आर आदिवासी बिरोधी माहासोय कानाको आर आदिवासी सोमाज दाम-दाक्सिरको कानाको। नोको माहासोय दो आदिवासी सोमाज हाटिञ रेयाक्को कुरूमुटूयेत् काना। संताली पारसी दो सरकाराक्इरलाक् अनुसूची रे सेलेत् आकान मेनाक्आ आर बिहार, बंगाल,उड़ीसा, आसाम एमान पोनोतको रे होंको रोड़ेत् काना आर सेआडीगान पोनोतको रे ओलचिकी हारोप ते सरकारी स्कूल आरकॉलेजको रे होंको पाड़हावेत्कोआ। आखड़ा दो नोआ होंय मेनेत् काना जे नोको जोतो माहासोय गे एकेन आर एकेन राजनीति रे आकोवाक् मेंतहां चामकाव आर आदिवासीको हाटिञको लागित् तेओलचिकी दोको बिरोधएत् काना। नोको दो माहासोय होय काते राजनीतिक खोन फाराक रे ताहें काते संताली पारसी आर ओलचिकीहारोप रेयाक् लाहान्ती चेत् लेकाते होयोक्आ, ओना रे धियान दो एम लेककान ताकोआ।

नाला रेयाक् माईला दाक् गिडीय रे बारया जुदा-जुदा मामला लालिस एना

खोबोरिया

महेशपुर, पाकुड़ा। थाना तारीतेयाक् महेशपुर-ग्वालपाड़ा आतो रे नाला रेयाक् माईला दाक् गिडीय रे बारया जुदा-जुदा मामला लालिस आकाना। पाहिल नाखा रेन वादी नंद किशोर यादव दो थाना रेय एमकेत् ओल आरदास रेय ओलाकादा जे महेशपुर-ग्वालपाड़ा आतो रे पारोमेन बुधवार हिलोक् आतो रेन गे लालू यादव आलेयाक् निजी नाला रे कूड़ा काचरा माईला गिडीकाते नालीय जाम डाडेत् ताहेंना। तिन रे बारोनकेदेया तोबे बाड़िच् बाड़िच् एगेर तुलुच् धक्का मुक्की हाबिच्ए लागाव एना। नोआ ताला भूषण यादव, बास्की यादव, किसन यादव, लव यादव, ओझा यादव घालोक् पासेच् इराल गोटेच् एटाक् होड़ ठेंगा डांटा आर साबोल आगूकाते मारपीटको लागाव एना। नोआ ते बोहोक् पाड़ाक् एना, इञको दालेञकान ञेलकाते इञ रेन नतनी रिंकी कुमारी बाञ्चाविञे कुरूमुटू केदा। मेनखान उनी हों रड ते दाल कातेको जोखोम केदेया। इञ रेन कोड़ा आकाश यादव, सोनू यादवहोंको दाल घाल केत्किना। आर मोबाइल फोन आर सोना मालाको रेच् केत्किना। नोते आरोपीको दो सेनोक् सेनोक् ते गोच् गिडीकाले होंको धामकाव आकात्लेया। नोते वादीयाक् ओल आरदास लालिस आधार रे पुलिस दो दुसीको खिलाफलालिसको ओल राकाप् आकादा। दोसारनाखा रेन दो ओझा यादव दो थाना रेय ओल एम केदा जे आले ओड़ाक् सोर सिंचाई विभाग रेयाक् ऑफिस मेनाक्आ। नोआ रे सेवानिवृत्त नंदप्रसाद यादव होड़े ताहेंन काना। पारोमेन बुधवार हिलोक् पासेच्आयुप् तुरूई बजे नंद यादव होते आले निजी जायगा रे काचरा माईला दाक्ए गिडीबाड़ायेत् काना। मानाकेत्को रे नंद यादव, आकाश यादव, सोनू यादव, आदित्य यादव, राकेश यादव दो एगेरको लागावेना। आर ठेंगा ते दादालको लागावेना। पुलिस दो लालिस आधार रेको लालिस ओल काते छानबीन रेको धुराउ आकाना।

बीईईओ दो गिदराको योगा यास रेयाक् मोहोत बाबोते लायात्कोआ

कुंडहित, जामताड़ा। सोकोलवार हिलोक् कुंडहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छाटका रे बीडीओ मिलन घोष दो स्कूली गिदराको योगा यासरेयाक् मोहोत बाबोते लायात्कोआ। नोआ ओकते उनी दोगिदराको योगा रेयाक् फायदा आर ओना रेयाक् मोहोत बाबोत रेफायलाव तेको लायात्कोआ। उनी दो गिदराको प्राणायाम, वृक्षासन, पादासन, ताड़ासन, भद्रासन एमान योगा रे फायलाव सालाक्ए लायात्कोआ।उनी दोय लाई केदा जे योगासन ते मानवाँ होड़मो रेयाक् आयमा अंगआर मायांम कणिकाको चालावक् काना। नोआ ते मानवाँ रोग मुक्त से बिनरोगआन निफुट जियोनेम जिवादोक् काना। योगायको होड़ निरोगको ञेलोक् काना। मानसिक पीड़ा ताहेंन काना। उनी दो ओनको जोतो गिदराको योगा यास रेयाक्को लायात्कोआ आरे मेन केदाजे जावगे योगासन इदीय ते मानसिक पीड़ा चाबाक् काना। नोते पतंजलि योग गुरू रंजन माजि दो गिदराको योगा यास रेयाक् आयमाय लायात्कोआ।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस रे मतदाता दोको एकराड़ एना

खोबोरिया

अमड़ापाड़ा, पाकुड़। प्रखंड कार्यालय छाटका रे राष्ट्रीय मतदाता दिवसओपसोर रे सोकोलवार हिलोक् प्रखंड आर अंचल कार्यालय छाटका रे स्कूली गिदराको एकराड़ ओचोकेत्कोआ। नोआ ओकते बीडीओ प्रमोदकुमार गुप्ता दो शपथ पत्र पाड़हाव तुलुच् जोतोको लोकतंत्र रेयाक्मर्यादा बानाव दोहोय आर निष्पक्ष मतदान रेयाक्ए एकराड़ओचोकेत्कोआ। उनी दो जोतोको उसकुरको तुलुच्ए मेन केदा जे लोकतांत्रिक परंपराको रेयाक् गरिमा बानाव दोहोय तुलुच्जोतोको बिन बोतोर ते आपनाराक् मताधिकार बेवहार जारूड़काना। उनी दो नोआ हों संदेश एम केदा जे धोरोम, जाति,

वर्ग,समुदाय, भाषा से जाहाँय प्रलोभन ते प्रभावित बेगोर ते शांतिसालाक् आर निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया रे सेलेदोक् जारूड़ काना। नोआ ओपसोर रेबीपीआरओ जिल्लूर रहमान, सहायक अभियंता सुनील कुमार, मनरेगा बीपीओअजय गुप्ता घालोक् एटाक् अधिकारीको ताहेंकाना। कामीहोरा रे राजीकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय आर एटाक् इसकुल रेन पाठवाको, माहासोयको आर कार्यालय कामियाको हों रिकिड़को सेलेत् एना।

स्कॉर्पियो दो स्कूल वैनए ठोकोर केदा, चाक्लाविच्ए घाल एना

रांची। रांची रेयाक् धुर्वा थाना टोठा रेयाक् शालीमार मार्केटठेन जारूममाहां हिलोक् सेताक् पुलिस ओल आकान स्कॉर्पियोय दोस्कूल वैनए ठोकोर केदा। नोआ घोटना रे स्कूल वैन दो पुराउ तेबाड़िच् उतारेना। स्कूल वैन चाक्लाविच् दो आडी जासतीय घाल एना, नोआ सांवते मित्टेन गिदरा दो थोड़ा-थुड़ीय बाजावेना। नोआ ताक रे ताहेंकान होड़ दोको लाई केदा जे पुलिस ओल आकानस्कॉर्पियो रेन चाक्लाविच् आर स्कूल वैन रेन चाक्लाविच् दो चेत् काथा तेचोकिन बाताबातीयेना। ओना झोगड़ा तायोम वैन चाक्लाविच्दो गिदराको लाहा सेच्ए देच् इदि केत्कोआ, मेनखान स्कॉर्पियो दोउनी तायोम खोने पीछा केदेया आरे ठोकोर केदेया। घोटनारेयाक् खोबोर जाम सांवते आयमा होड़ ओन्डेको जारवायेना। थाना प्रभारी दोय लाई केदा जे गाडी दोको हाजोत केदा आर लाहासेयाक् जांच चालाक् काना।

पुलिस महानिदेशक दो राष्ट्रीय मतदाता दिवस रे मताधिकार बेवहार रेयाक्ए एकराड़ ओचोकेत्कोआ

रांची। पुलिस महानिदेशक (मु यालय) आरके मल्लिक दो सोकोलवार हिलोक् राष्ट्रीय मतदाता दिवस ओपसोर रे पुलिस मु यालय छाटका रेजोतो पदाधिकारीकोय एकराड़ ओचोकेत्कोआ। नोआ ओकते जोतोदो लोकतंत्र रे आकोवाक् पुराउ पातयाउ दोहोय तुलुच्कोएकराड़ एना जे आले भारोत रेन होड़ लोकतंत्र रे आपनाराक्पुराउ पातयाउ दोहोय तुलुच् नोआ एकराड़ोक् काना जे दिसामरेयाक् लोकतांत्रिक पर पराको रेयाक् मर्यादाले बानाव दोहोयाआर स्वतंत्र, निष्पक्ष आर शांतिसालाक् निर्वाचन रेयाक् गरिमा अक्षुण्णदोहोय तुलुच् बिनबोतोर ते धोरोम, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा से एटाक् जाहाँटाक् प्रलोभन ते प्रभावित बिना जोतो निर्वाचनको रे आपनाराक् मताधिकारको बेवहारा।' नोआ ओपसोर रे पुलिस मु यालयरे कामीकान जोतो पुलिस पदाधिकारी आर कामियाको ताहेंकाना।

गणतंत्र दिवस रे जनजातीय आरीचाली रेयाक् झालाक आर राजस्थान रेयाक् सोणो ञेलोक्आ

खोबोरिया

नावाँ दिल्ली। गणतंत्र दिवस आसोल परेड रे कर्तव्य पथ खोन ओडोककोक्मोंज झांकी आर दिल्ली रेयाक् नागाम लाल किला सामाङ रे 26 खोन 31जनवरी हाबिच् ओरामोक् लागित् भारत पोरोब-2025 रेसेलेदोक्कान झांकी रेयाक् साप्-सापड़ाव दो सागुनमाहाँ हिलोक्मुक मल चितार सामाङ रे हेच् आकाना। नोन्डे जनजातीय आरीचालीझालाक आर राजस्थान रेयाक् सोणो हों ञेलोक्आ। निया बोछोरगणतंत्र दिवस परेड रे आयमा पोनोत साँवते केन्द्रीय मंत्रालय रेयाक् 31 गोटेच् झांकी सेलेदोक्आ, जेमोन लाल किला सामाङ रे 26 खोन31 जनवरी हाबिच् ओरामोक्कान भारत पोरोब-2025 रे आसोलपरेड रे सेलेदोक् झांकी दो सांवते जुदा-जुदा पोनोत रेयाक्43 गोटेच् झांकी सेलेदोक्आ। निया धाव छत्तीसगढ़ आर राजस्थान रेयाक् झांकी गणतंत्र दिवस रेयाक् परेड रे कर्तव्स पथ खोनओडोककान मोंज झांकी रे दो बाको सेलेदा। मेनखान दिल्ली रेयाक्नागाम लाल किला सामाङ रे ओरामोक्कान भारत पोरोब-2025 रेछत्तीसगढ़ रेयाक् रामनामी दोल आर राजस्थान रेयाक् झांकी सोणोराजस्थान हों आसोल परेड रे ओडोगोक्कान झांकी सांवतेसेलेदोक्आ। नोआ झांकी रे सेदाय आर लाहान्ती होंको सामिलआकादा। बिचकोम पारोमेन भाग रे शेखावाटी सेदाय रेयाक् आर दुर्लभ ओड़ाक् रेयाक् समृद्ध विरासतको उदुक् सोदोरा। झांकी लातार रे पैनल रे नोआ ओड़ाक् रे बेनावाकान मारे हाहाड़ा चितार आर आयमा लेकानाक् मयूरल डिजाइनको बेनावाकादा।

ब्लॉक टान्डी रे प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला ओरामेना

शिकारीपाड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होतेते जारूममाहां हिलोक् ब्लॉक टान्डी रे प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला ओरामेना। नोआ रे आसोकायते प्रखंड प्रमुख हुडू मरांडी बीडीओ मोह मद एजाज आलम सीओकपिल देव ठाकुर डॉ देवानंद मिश्राये सेलेत् एना। जोतो खोन माड़ाङ रे जोतोको मिलाउ काते बाती जेरेत् काते मेला दोको उढ़ाउकेदा। नोआ रे जोतो लेकानाक् रोग आजार दो माडनी ते रानेकान ताहेंना। स्वास्थ्य मेला रे आयमा लेखा रे आयो-बाबाको सेटेरेना आरजांच ओचो काते रान कातेको हाताव केदा। नोआ मेला इदि काते जोतोहोड़ गे रासकाको सोदोर केदा। नोआ ताक रे बीडीओ मोह मद एजाज आलम सीआ कपिल देव ठाकुर सीएचसी प्रभारी डॉ देवानंद मिश्रा, एएन एम, स्वास्थ्य सहिया आर आयमाको सेटेराकान ताहेंकाना।

पुलिस लाइन स्टेडियम रे वृत मंत्री राधाकृष्ण किशोरे हिपिड़ा झंडा

खोबोरिया

पलामू। 76 धावाक् गणतंत्र दिवस सेमेलेत् दाराय ते पलामू जिला रे रासका ते पेरेच् आकाना। आसोल सेमेलेत् दो मेदिनीनगर रेयाक् पुलिस लाईन स्टेडियम रे सिंगामाहाँ हिलोक् ओरामोक्आ। नोन्डेआसोल पेड़ा रूप रे पोनोत रेन संसदीस कार्य आर वृत मंत्री राधाकृष्ण किशोर दो 9:05 बजे हिपिड़े फाहरावा। आसोल सेमेलेत् ओरामोक् लागित् ते साप्-सापड़ाव दो होय आकाना। जारूममाहाँहिलोक् तिकिन सेच् परेड दो फाइनल रिहर्सल होय चुकाउ एना। उपायुक्त शशि रंजन आर पुलिस अधीक्षक सीष्मा रमेशनताकिन दो सामिल तेपरेड दोकिन ओनमान केदा। जारूड़ान साप्-सापड़ाव रेयाक्किनकुलीयाना। आयमा लेकानाक्किन बातलाव केदा। परेड ञेल ओनमान लागित् ते उपायुक्त आर पुलिस अधीक्षकताकिन दो मित्टेन फांक जिप रे देच् कातेक् आर टान्डी बेड़हाय ते आचुर कातेक् परेड दोकिन ञेल ओनमान केदा आर सलामीकिन एमावादा। ओना तायोम हिपिड़ फाराव कातेक् सलामीकिन एमावादा आर राष्ट्रगान होयेना। ओन्डे महिला आर पुरूष जिला पुलिस, एनसीसी छाडा कातेक् स्काउट आर गाइड रेन हिंस दो परेड रेको सेलेत् एना।

दक्षिण पूर्व रेलवे-ठिका

ई-ठिका खोबोर सं. 4551-जीआरसी-सीई-सी- 01-02-2025, माहित 23.01.2025; भारत रेन राष्ट्रपति लागित् आर उनी सेच् खोन मुख्य अभियंता (निर्माण)/I/गार्डनरीच, द.पू. रेलवे होतेते नोवाको कामी फान्डाव लागित् ते ई-ठिकाको नेवतायेत् काना। लातार रे ओलाकान ठिकाको दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे अपलोड आकाना। ठिका दो निट तारीक हिलोक् तिकिन 12.00 बजे बोंदोक्आ। **कामी रेयाक् खाटो बानाडाय:** रांची आर हटिया स्टेशन बाई पासिंग होतेते वाई कनेक्शन सांव-सांवते लोधमा-पिस्का ताला रे लिंक लाइन लागित् ते सोंगे तेयाक् कामी - दक्षिण पूर्व रेलवे पिस्का स्टेशन खोन लोधमा स्टेशन आर वाई लेग खोन बालसिरिंग स्टेशन मुचात् हाबिच् सांवते लूप लाइन एंड गुड्स साइडिंग एमानको रे फॉर्मेशन आर कटिंग रे हासा तेयाक् कामी सांवते हुडिञ आर आसोल-आसोल पुलको बेनाव, पी. वे जोड़ाव कामी सांवते बैलास्ट बेबोसताय, सेवा भवनको, स्टाफ क्वार्टर, ओआरएच, एसआरएच आफिसको स्पेटफॉर्म आर गाडी देजोक् होड़ाक् सुबिसाको, सेटेरोक् सोड़ोक बेनाव, ढलान संरक्षण कामी सांवते एस एंड टी. बिजली तेयाक् कामी आर एमान तेयाक् कामीको। **मोट पूंजी:** रु. 297.00 करोड़; बायना पायसा: रु. 1,00,00,000; **पुराउ रेयाक् सोमोय:** 24 चान्दो। **बोंदोक् रेयाक् तारीक:** 21.02.2025; ठिकाको रेयाक् पुराउ बिवरोन/बानाडाय/बातलावको लागित् ते मोने मेनाक् ठिकादारको दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ आर आपनाराक् बोली दो ऑनलाइन तेको जामायमा। नोवाको मद लागित् ते जाहांन मैनुअल दारखास दो बाड आंगोचोक्आ। ञेललेक: बोलीदाताको एटाक्आक् जोतो ठिकाको रे सेलेदोक् बाखरा दो जावगे **www.ireps.gov.in** ञेल दाड़ेयाक्आ।

(PR-1055)

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर
(जिला समाज कल्याण शाखा)
फैक्स-06432-232967 /ई-मेल:-dswodeoghar@gmail.com / awc17monitoring@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

उपायुक्त, देवघर के कार्यादेश ज्ञापांक 65/वि0 दिनांक 13 जनवरी, 2025 द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुसार बाबा बैद्यनाथ मंदिर, देवघर के दर्शन कोश से प्राप्त होनेवाले आवंटन के तहत "बाल गृह-सह-सम्प्रेक्षण गृह, चरकीपहाड़ी, देवघर के Renovation" हेतु इच्छुक निविदादाताओं से अति अल्पकालीन निविदा का आमंत्रण किया जाता है, जिसकी संक्षिप्त विवरणी निम्न प्रकार से है:-

क्र0	विवरणी	तिथि/राशि/स्थान
1	निविदा की कुल प्राक्कलित राशि	2050000-00
2	निविदा प्रकाशन की तिथि	25/01/2025
3	निविदा जमा करने का स्थान	जिला समाज कल्याण कार्यालय, देवघर
4	निविदा एवं नमूना जमा करने की अंतिम तिथि	01/02/2025 संध्या 05.00 बजे अप0 तक।
5	निविदा खोलने एवं क्रय समिति की बैठक की तिथि	03/02/2025 अपराह्न 11.00 बजे पूर्वा0।

नोट:- उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट **https://deoghar.nic.in** पर देखा जा सकता है।

(उपायुक्त, देवघर के आदेशानुसार)
ह0/-
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, देवघर।

PR.NO.345042 Deoghar(24-25):D

जिला मत्स्य कार्यालय, साहेबगंज।

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में साहेबगंज जिला अंतर्गत मंडरो प्रखंड के ग्राम-डेमा पहाड़, पंचायत-दामिनभीठा में माईनिंग पीट में केज कल्चर के माध्यम से मत्स्य पालन हेतु मत्स्य आहार (फीड) की आपूर्ति किया जाना है जो निम्न प्रकार है:-

क्र0	सामग्री का नाम	अधिकत्तम दर राशि
1	Formulate Floating Fish Feed (2mm & 4mm)	63/-रू0 प्रति किलोग्राम

उपरोक्त के आलोक में फीड आपूर्तिकर्त्ता मूहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा की अहर्त्ताएँ निम्नलिखित है :-
1.निविदादाता का नाम - जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज।
2.अग्रधन राशि - 50,000/-रू0 मात्र (क्र0 01 में वर्णित नाम से साहेबगंज में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट)
3.निविदा प्रपत्र प्राप्ति का स्थान - जिला मत्स्य कार्यालय, साहेबगंज।
4.निविदा प्रपत्र का मूल्य - 2000/-रू0
5.निविदा प्रपत्र प्राप्ति एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 31.01.2025, समय 12 बजे तक
6. निविदा खुलने का स्थान- उप विकास आयुक्त, साहेबगंज के कार्यालय प्रकोष्ठ में।
7. निविदा खुलने की तिथि एवं समय- 31.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्न।
8.निविदा की विस्तृत शर्ते www.sahibganj.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज।

PR 345021 Fish(24-25)D

जिला मत्स्य कार्यालय, साहेबगंज।

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में साहेबगंज जिला अंतर्गत मंडरो प्रखंड के ग्राम-डेमा पहाड़, पंचायत-दामिनभीठा में माईनिंग पीट में केज कल्चर के माध्यम से मत्स्य पालन हेतु केज एवं केज हाउस अधिष्ठापन किया जाना है जो निम्न प्रकार है:-

क्र0	सामग्री	Unit (संख्या)	अधिकतम इकाई दर (राशि)
1	2	3	4
1	G.I Cage (Size-8x6x5=240m³)	01 (01 बैटरी = 02 केज)	359100.00
2	केज हाउस	01	601000.00

उपरोक्त के आलोक में केज एवं केज हाउस अधिष्ठापनकर्ता से मूहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा की अहर्त्ताएँ निम्नलिखित है :-
1. निविदादाता का नाम - जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज।
2. अग्रधन राशि - 50,000/-रू0 मात्र (क्र0 01 में वर्णित नाम से साहेबगंज में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट)
3. निविदा प्रपत्र प्राप्ति का स्थान - जिला मत्स्य कार्यालय, साहेबगंज।
4. निविदा प्रपत्र का मूल्य - 2000/-रू0
5. निविदा प्रपत्र प्राप्ति एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 31.01.2025 समय 12 बजे तक
6. निविदा खुलने का स्थान- **उप विकास आयुक्त, साहेबगंज के कार्यालय प्रकोष्ठ में।**
7. निविदा खुलने की तिथि एवं समय- **31.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्न।**
8. निविदा की विस्तृत शर्ते www.sahibganj.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज।

PR 345020 (Fish) 24-25 (D)

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
जिला गव्य विकास कार्यालय, दुमका

आम सूचना

सभी संबंधित पशुपालकों/दुग्ध उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत जिला दुमका में गव्य प्रभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु दिनांक 13.08.2024,31.08.24एवं 05.10.24 को उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि वे Jharkhand State Co-Operative Bank, दुमका/हंसडीहा शाखा में Escrow Account खुलवाकर योजनानुसार लाभुक अंशदान की राशि को उपरोक्त Escrow Account में जमा कर जमा पुर्जा एवं बैंक पासबुक की छाया प्रति जिला गव्य विकास कार्यालय, दुमका में दिनांक :- 31.01.2025 तक जमा करना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात् आपके बैंक खाता में योजनानुसार देय अनुदान राशि स्थानान्तरित की जाएगी। सभी चयनित लाभुकों द्वारा लाभुक अंशदान की राशि जमा करने के उपरांत बैंक खाता में लाभुक अंशदान की राशि एवं देय अनुदान राशि पर Lien/Hold लगाने हेतु अद्योहस्ताक्षरी को अपना सहमति पत्र तथा विभिन्न योजनाओं में देय अनुदान से संबंधित कोटिवार आरक्षण एवं अन्य प्रमाण-पत्र भी उक्त तिथि तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक लाभुक अंशदान राशि की व्यवस्था कर अपने बैंक खाता में जमा कर संबंधित कागजात अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय की उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में आपकी पात्रता समाप्त समझी जाएगी, जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे। लाभुकों की विस्तृत सूची सभी संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है। साथ ही साथ अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर चिपका दी गई है, विशेष जानकारी हेतु अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय,एवं संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अथवा प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। ससमय राशि जमा नहीं करने पर प्रतीक्षा सूची में रखे गये लाभुक को प्राथमिकता दी जाएगी क्योकि वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
दुमका

PR 344997 Animal Husbandry(24-25).D

देवघर नगर निगम, देवघर।
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

आम सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) हेतु देवघर नगर निगम, देवघर कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। वैसे योग्य लाभुक जो विभिन्न कारणों से योजना के लाभ सेवंचित रह गए हैं, ऐसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि अगर वह इस योजना का लाभ लेने में इच्छुक हैं तो नीचे दियेगये लिंक पर अपना आवेदन ऑनलाईन कर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ नगर निकाय के PMAY (U) कोषांग से सम्पर्कस्थापित कर आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है।

कौन कर सकते हैं आवेदन
-आवेदक अथवा उसके परिवार के नाम पर भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए।
-योजना संबंधित लाभुक परिवार में पति पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
-लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होंगे, जिनकी वार्षिक आय अधिकतम रु० 3 लाख हो।
-लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से केवल एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक है :-
-परिवारिक फोटो
-आवेदक आवेदिका एवं उनके पति /पत्नी के आधार कार्ड की छायाप्रति
-आवेदक आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति
-आवेदक/ आवेदिका के बैंक अकाउंट हेतु पासबुक की छायाप्रति
-आवेदक/ आवेदिका के आय ६ निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति
-आवेदक / आवेदिका के जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति
-भारतवर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ पत्र
-भू-स्वामित्व पत्र की छायाप्रति
-आवेदन हेतु आवेदक/ आवेदिका का Active मोबाईल नम्बर जो आधार कार्ड से लिंक्ड हो
- Online आवेदन हेतु निर्धारित लिंक-https%//pmaymis-gov-in/pmaymis2_2024/PMAY_SURVEY/ | Eligiblity Check-aspÛ अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें PMAY (U)कोषांग, देवघर नगर निगम देवघर

नगर आयुक्त सह प्रशासक,
देवघर नगर निगम, देवघर।

PR 344970 (Deoghar) 24-25 (D)

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रमंडलीय आयुक्त ने दिलाई अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ

दुमका। प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में शुक्रवार को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयुक्त लालचन्द डाडेल की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने मतदाता शपथ ली। आयुक्त लालचन्द डाडेल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मतदान के महत्व को रेखांकित करना था।उन्होंने विशेष रूप से 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया।

सेविका रीना देवी पीएम के आमंत्रण पर गणतंत्र दिवस के समारोह में सम्मिलित होंगी

जरमुंडी । दुमका जिले के जरमुंडी प्रखंड अंतर्गत खरसूंडीआंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका रीना देवी को गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रधानमंत्री का न्यौता मिला है। प्रधानमंत्री के आमंत्रण पर रीना देवी, दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर अतिथि भाग लेंगी। रीना देवी,प्रधानमंत्री का आमंत्रण पाकर अभिभूत है। जरमुंडी के एक छोटे से गांव खरसूंडी में बतौर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका के रूप में कार्यरत रीना देवी को महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यह सम्मान मिला है। रीना देवी बताती हैं कि उन्हें उनके अच्छे कार्यों के लिए प्रधानमंत्री के यहां से बुलावा आया है। रीना देवी ने बताया कि आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाग लेने दिल्ली जा रही हूं। यह बहुत बड़ा सम्मान है । उनके काम को बड़ा मान मिला है। रीना देवी ने बताया कि यह सम्मान मेरे उस क्षेत्र के लिए भी बड़ा है, जहां वह काम करती हैं । उन्होंने कहा कि हमेशा यह कोशिश किया है कि आंगनवाड़ी सेविका के रूप में जो दायित्व है, उसका ठीक-ठाक निर्वहन करूं। उन्होंने समर्पित भाव से काम किया। पोषक क्षेत्र में कोई बच्चा, कोई गर्भवती या कोई धात्री महिला टीकाकरण या पोषण से वंचित नहीं रहे, इसके लिए दिन रात पर्यत्न किया है। उसी का परिणाम है कि यह सम्मान मिला है।

रसोइयां कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

गोपीकांदर(दुमका) । झारखंड राज्यीय मध्याह्न भोजन प्राधिकार के आलोक में प्रखंड के मध्य विद्यालय आरीचुआं में शुक्रवार को संकुल स्तरीय रसोइयां कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन गया। कार्यक्रम में संकुलाधीन विद्यालयों के रसोइयों ने भाग लिया। मौके पर रसोइयों ने निर्णायक मंडली सदस्य संकुल सचिव इंदू मुर्मू , मनीष मंडल, उमेश हेंब्रम, मनोज हेंब्रम, असुंता मुर्मू, पुष्पलता टुडू, एमेली मरांडी एवं प्रेमशिला टुडू के समक्ष मध्याह्न भोजन बनाकर परोसा। निर्णायक मंडली के सदस्यों के द्वारा भोजन को चखकर भोजन की गुणवत्ता व स्वाद की जांच की गई तथा विजेता एवं उपविजेता का चयन किया गया। कार्यक्रम में मध्य विद्यालय आरीचुआं की रसोइयां कौशल्या देवी प्रथम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय विराजपुर की दुलड़ मुर्मू द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुदुआं की सुखी महारानी रही। निर्णायक मंडली के सदस्य उमेश हेंब्रम ने बताया कि प्रखंड के सभी संकुलो में संकुल स्तरीय रसोइयां कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।? संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में जो प्रतिभागी विजेता होंगे वह 30 जनवरी को आयोजित प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता जिला स्तरीय और जिला से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

खाटूश्याम मंदिर के मुख्य पुजारी पहुंचे बासुकीनाथ मंदिर, की पूजा अर्चना

जरमुंडी । राजस्थान के प्रसिद्ध श्री खाटूश्याम मंदिर के मुख्य पुजारी श्याम सिंह चौहान ने बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना किया। बासुकीनाथ बाबा के फौजदारी दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे खाटूश्यामजी के मुख्य पुजारी को मंदिर के तीर्थपुरोहितों ने स्वस्ति वाचन पूर्वक विधिवत संकल्प कराकर भोलेनाथ का षोडशोपचार पूजन कराया। प्रधानमंदिर में ज्योतिर्मय बाबा नागेश्वर बासुकीनाथ की पूजा अर्चना के पश्चात माता पार्वती , काली व राजराजेश्वरी पीतांबरा बगलामुखी माता के मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना कराकर तीर्थ पुरोहितों ने भोलेनाथ की आरती भी कराई। इस अवसर पर बासुकिनाथ मंदिर के कर्मीगण और सुरक्षाकर्मी मौजूद थे।

सरस्वती शिशु मंदिर का मना वार्षिकोत्सव

जरमुंडी । जरमुंडी प्रखंड अंतर्गत सिटिकबोना गांव में संचालित प्रिय अंजली सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना दिवस पर वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्या विकास समिति झारखंड के सह सचिव नकुल कुमार शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह कार्यवाह प्रमोद यादव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिवाकर घोष उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन एवं बच्चों द्वारा महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गयी। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, सामूहिक गीत समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष लक्ष्मण मंडल, सचिव ब्रेन कुमार टुडू, विद्यालय संचालन समिति के सदस्य सुरेश मुर्मू एवं प्रधानाचार्य रवींद्र कुमार मधूप के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 765 माता-पिता अभिभावक व गणमान्य ग्रामवासी, मुखिया, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित हुए। मौके पर कुणाल झा, सनातन टुडू, नरेंद्र मरांडी, संघ चालक गणेश अग्रवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनीता, अमित कुमार, अजय कुमार एवं सुनील मरांडी ने किया।

झारखंड दिवस को लेकर झामुमो ने की बैठक

गोपीकांदर। झंडातोलन एवं 2 फरवरी झारखंड दिवस को लेकर प्रखंड झामुमो पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय गोपीकांदर में शुक्रवार को एक अहम बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संतोष मरांडी ने किया। इस बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंड झामुमो पार्टी कार्यालय में झंडातोलन को लेकर विचार विमर्श किया गया। निर्धारित समय पर पार्टी कार्यकर्ता की मौजूदगी में सम्मान पूर्वक झंडोतोलन किया जाना है। झंडातोलन से संबंधित सभी तैयारी को लेकर अंतिम रूप दिया गया। साथ ही दो फरवरी को गांधी मैदान दुमका में झारखंड दिवस को लेकर चर्चा किया गया। तैयारी को लेकर 28 जनवरी को प्रखंड पार्टी कार्यालय गोपीकांदर में स्थानीय विधायक हेमलाल मुर्मू द्वारा बैठक किया जाना है। उक्त बैठक में झारखंड दिवस को लेकर अंतिम रूप दिया जाएगा जिससे कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर बैठक में मुख्य रूप से मुखिया संघ अध्यक्ष ज्योतिष बास्की, प्रखंड सचिव सुलेमान हांसदा, झामुमो महिला नेत्री पोलिना मुर्मू, पूर्व उप प्रमुख कुबराज बेसरा, लखीचंद मंडल, निजु मंडल, मंगल सोरेन, दशरथ भगत, अमरनाथ भगत, अमित सिंह, बदरुल शेख, दीवान मरांडी, शीला सोरेन, शांति देवी, सुरेश मरांडी, बाबूधन सोरेन सहित दर्ज़नो कार्यकर्ता मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस को लेकर डीसी व एसपी ने किया परेड का फाइनल रिहर्सल

गणतंत्र दिवस पर दुमका पुलिस लाइन मैदान में हेमंत सोरेन करेंगे झंडोत्तोलन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस लाइन मैदान में की जा रही तैयारियां अब अंतिम चरण में है। गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस लाइन मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झंडोत्तोलन करेंगे। मुख्यमंत्री यहां परेड की सलामी लेंगे और झांकियों का अवलोकन करेंगे।

इसी निमित्त शुक्रवार को दुमका के पुलिस लाइन मैदान में गणतंत्र दिवस को लेकर फाइनल रिहर्सल किया गया। इस दौरान उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे और पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया और गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही पूर्वाभ्यास परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक और भव्य परेड प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि गणतंत्र दिवस को लेकर परेड का पूर्वाभ्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस जवानों की ओर से यहां परेड की तैयारियां बेहतर तरीके से की गई हैं। परेड के दौरान किसी प्रकार की त्रुटिया ना रहे, इसके लिए कमियों को यथाशीघ्र दूर करने का निर्देश दिया गया है। गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों की ओर से अलग-अलग थीम पर झांकी निकाली जाएगी। इसे लेकर विभागों की ओर से भी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। साथ ही गणतंत्र दिवस पर सरकारी और निजी संस्थानों में झंडोत्तोलन किया जाएगा। झंडोत्तोलन की भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अलग-अलग समय में कार्यालयों में झंडा फहराया जाएगा।

6 फ़रवरी को पीएम श्री विद्यालय में आधार एवं बैंक खाता को लेकर लगेगा शिविर

रानीश्वर । प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में एमडीएम के प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग कमिटी की बैठक कि । बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया है कि माह जनवरी से मार्च 2025 तक का चावल प्राप्त हो गया है। जिसका वितरण जारी है साथ ही एमडीएम के पोर्टल में प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित छात्रों की एसएमएस के माध्यम से अपलोड किया जा रहा है। बैठक में विद्यालय विकास मद ,स्कूल ड्रेस ,इको क्लब के लिये प्राप्त राशि विभागीय निर्देशानुसार व्यय करने का निदेश दिया गया है ।

कर्पूरी ठाकुर का जीवन संघर्षपूर्ण एवं सादगी भरा रहा : प्रमोद पंडित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष प्रमोद पंडित के नेतृत्व में टीन बाजार स्थित कर्पुरी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष प्रमोद पंडित ने कहा की बिहार के मुख्यमंत्री रहते उसने सदियों से दबे-कुचले वर्गों को न केवल राजनीतिक और सामाजिक चेतना जगायी बल्कि उन्हें ताकत भी दिया। गरीब परिवार में जन्मे इनका जीवन संघर्षपूर्ण एवं सादगी भरा रहा।

अनुमंडल अध्यक्ष जितेश कुमार दास ने कहा कि उनके कार्यकाल में ही सर्वप्रथम पिछड़ों दलितों के लिए सरकारी नौकरी में आरक्षण का प्रावधान किए थे। जिला महासचिव पंकज यादव ने कहा कि गुदड़ी के लाल, समाजिक न्याय, दबे कुचलों के उत्थान और समावेशी नीतियों व विचारों के पुरोधा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूँ। जननायक कर्पूरी जी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा पर राजद ने खुशी जाहिर किया है। मौके पर अनुमंडल अध्यक्ष जितेश कुमार दास, जिला उपाध्यक्ष संतोष मंडल, जिला महासचिव पंकज यादव, जिला सचिव मानिक पंडित, जिला मीडिया प्रभारी अनिल पंडित, हाबु यादव, रानेश्वर प्रखंड अध्यक्ष जयदेव गोराई सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

कर्पूरी ठाकुर के आदमकद प्रतिमा पर राजद नेता सत्य शिक्षानन्द मुर्मू ने किया माल्यार्पण

दुमका। जननायक कर्पूरी ठाकुर माननीय पूर्व मुख्यमंत्री के जयन्ती के उपलक्ष्य में दुमका में कर्पूरी ठाकुर के आदमकद प्रतिमा पर राजद के वरिष्ठ नेता सह अनुसूचित जनजाति के झारखंड प्रदेश के निवर्तमानअध्यक्ष सत्य शिक्षानन्द मुर्मू जी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को कैसे आगे किया जाय इसके लिए उन्होंने अथक प्रयास किया और जीवन पर्यन्त संघर्ष कर समाज में जननायक बने । आज हम सबों को उनके विचारों को आत्मसात कर वास्तविक समाज सेवा करने की जरूरत है ताकि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के सपनों को साकार किया जा सके । इस मौके पर उपस्थित राजद नेता विजय सोनी महिला नेत्री जोवान्ना हेम्ब्रम समाजिक कार्यकर्ता जय प्रकाश यादव के अलावे सैकड़ों लोगों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।

छात्रवृति व निःशुल्क साइकिल वितरण योजना को लेकर डीसी ने की बैठक

ई-कल्याण पोर्टल पर छात्रों का पंजीकरण करने का निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददात

दुमका । जिला उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 प्री-मैट्रिक छात्रवृति (वर्ग 01 से 10) एवं निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत् समीक्षात्मक बैठक की गई। उपायुक्त ने सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निदेश दिया कि प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत ई-कल्याण पोर्टल पर शत प्रतिशत छात्रों का पंजीकरण सुनिश्चित करते हुए वितरण की कार्रवाई करें एवं निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत् पूर्ण रूप से फिटेड साईकिल को छात्रों के बीच अविलम्ब वितरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सभी प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

गोपीकांदर। बढ़ती ठंड को देखते हुए शुक्रवार को गोपीकांदर पंचायत के मुखिया माईकल हेंब्रम के नेतृत्व में वृद्ध जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस दौरान बुर्जुग व दिव्यांग मौजूद रहे। मुखिया माईकल हेंब्रम ने बताया कि ठंड के प्रकोप को देखते हुए सरकार की ओर से पंचायतों में कंबल उपलब्ध कराया गया है। जरूरतमंदों लोगों को चिन्हित कर व सूची बनाकर कंबल का वितरण किया जा रहा है। मौके पर पंचायत मुखिया रोबिन हेंब्रम, निजु मंडल, अर्जुन हांसदा सहित अन्य मौजूद थे।

प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित

शिकारीपाड़ा । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा आज शुक्रवार को ब्लॉक मैदान में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख हुडू मरांडी बीडीओ मोहम्मद एजाज आलम सीओ कपिल देव ठाकुर डॉ देवानंद मिश्रा शामिल हुए।सभी ने सर्व प्रथम दीपप्रज्वलित कर मेला का शुभारंभ किया गया।जिसमें सभी प्रकार के रोगों का इजाज मुफ्त में किया जा रहा था। स्वास्थ्य मेला में काफी संख्या में महिला पुरुष पहुंचे और अपना जांच करा कर दवाई लिए। इस मेले को लेकर सभी ने खुशी जाहिर किया। मौके पर बीडीओ मोहम्मद एजाज आलम सीओ कपिल देव ठाकुर सीएचसी प्रभारी डॉ देवानंद मिश्रा, ए एन एम, स्वास्थ्य सहिया एवं अन्य मौजूद थे।

बीडीओ ने किया आवास प्लस 2.0 का सर्वे

रानीश्वर। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को सादीपुर पंचायत के आदिवासी बहुल गांव जयपाहाड़ी पहुंच कर आवास प्लस 2.0 के सर्वे शुरू किया । इसके अतिरिक्त बीडीओ ने बिलकांदी , गोबिंदपुर , बृन्दाबनी , पाटजोड़ ,रांगालिया , पाथरा ,सादीपुर एवं सुखजोड़ा पंचायत ने आवास प्लस 2.0 का सर्वे का कार्य शुरू किया है । सर्वे में वैसे लाभुक जिन्हें आवास का सरकारी लाभ नहीं मिला है उन्हें मोबाईल एप्प के माध्यम से चिन्हित किया जायेगा ।सर्वे में मुखिया ,पंचायत सचिव ,वार्ड सदस्य एवं पंचायत स्वयं सेवक का सहयोग लिया जा रहा है।

आंगनबाड़ी सहायिका चयन के लिए ग्राम सभा

गोपीकांदर। गोपीकांदर प्रखंड के सुरजुडीह पंचायत के बड़ापाथर पहाड़िया टोला और मुसना के भद्रादिघा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका चयन के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बड़ापाथर पहाड़िया टोला के फेज - 2 आंगनबाड़ी केंद्र के सहायिका पद के लिए दो आवेदिकाओ ने आवेदन दिया था जिसमें मैट्रिक पास दुर्गा कुमारी का चयन किया गया। वहीं भद्रादिघा आंगनबाड़ी सहायिका पद का चयन भद्रादिघा आंगनबाड़ी परिसर में हुआ। सहायिका पद के लिए दो आवेदिकाओ ने आवेदन दिया था जिसमें मैट्रिक पास समपा पहाड़ियन का चयन किया गया। बता दें कि सहायिका चयन प्रक्रिया शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मेधा सूची के अनुसार किया गया। ग्राम सभा में सीडीपीओ गीता एलबिना बेसरा, महिला पर्यवेक्षिका दलखासा खातुन, संबंधित ग्राम के ग्राम प्रधान, संबंधित ग्राम के विद्यालय के शिक्षक, सहित ग्रामीण मौजूद थे।